हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 265, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 28 मार्च, 2024 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

मोदी की गारंटी से हर काम संभव : योगी आदित्यनाथ

श्रीकृष्ण का आशीर्वाद लेकर मुख्यमंत्री ने किया चुनाव प्रचार का आगाज

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ पहुंचे। वह सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने दर्शन करके पूजा-अर्चना की। श्रीकृष्ण का आशीर्वाद लेने के बाद वह प्रबुद्धजन सम्मेलन में पहुंचे। वह प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीर्थनगरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। उन्होंने ब्रजवासियों को सरकार की उपल्बधियां गिनाईं। बताते चलें कि भाजपा ने यहां से वर्तमान सांसद हेमा मालिनी को ही अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि कहा कि आज से पांच हजार वर्ष पहले इसी ब्रज में श्रीकृष्ण ने अपनी लीला रचाई। उस लीला की साक्षी बनीं थीं यमुना मैया। आज यमुना की गंदगी को देखकर दुख होता है। इसे दूर करेंगे। आज ब्रज क्षेत्र में विकास हो रहा है। यह काम आपकी लोकप्रिय सांसद हेमा मालिनी के द्वारा संसद में जो आवाज गूंजी थी, उसके द्वारा ही संभव हो पाया है।

उन्होंने वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में कॉरिडोर की भी चर्चा की। उन्होंने मोदी की गारंटी का भी जिक्र किया। कहा कि मोदी की गारंटी से हर काम संभव है। कहा कि मोदी का मतलब है लोगों के सिर पर छत, मोदी का मतलब है लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ, मोदी का मतलब है हर घर शौचालय, मोदी का मतलब है गरीब, शोषित, वंचित का विकास। इसके बाद उन्होंने लोगों से पूछा कि आप सभी लोग सहमत हैं न। लोगों ने कहा हां। इसके बाद उन्होंने बांकेबिहारी के जयकारे के साथ अपना संबोधन समाप्त किया।

पूर्वोत्तर में उग्रवाद...जम्मू में थे पत्थरबाज; आज देश में रामराज : उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ कर दिया। सीएम ने प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले पूर्वोत्तर में उग्रवाद था। जम्मू कश्मीर में पत्थरबाज थे। 2014 के बाद मोदी नेतृत्व में वहां शांति बहाल हुई है। अब सैनिक जम्मू कश्मीर में पत्थरबाजों द्वारा घायल नहीं किए जाते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 26 मिनट प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस पार्टी रही। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 से पूर्व योजनाएं जाति और धर्म के अनुसार बनाई जाती थी। उनका लाभ भी जाति और धर्म के चेहरे अनुसार दिया जाता था। मोदी सरकार ने नागरिकों की संतुष्टि को अपनी जीत का आधार बनाया, जाति मजहब को नहीं। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके लिए फैमिली फर्स्ट है, जबकि नरेंद्र मोदी के लिए नेशन फर्स्ट है। फैमिली फर्स्ट वालों के राज में भ्रष्टाचार माफिया राज और पुष्टिकरण की राजनीति होती थी। नरेंद्र मोदी के राज में, रामराज, सबका साथ सबका विकास, माफिया राज की समाप्ति के कार्य होते हैं।

विपक्षी दलों के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीति : केशव प्रसाद मौर्य

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को बिजनौर के नुमाईश ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज विपक्षी दलों के पास न कोई नेता है और न ही कोई नीति। उनकी नियति भी ठीक नहीं लगती। इन हालात में उत्तर प्रदेश में इन तीनों दलों का कोई खाता तक खुलने वाला नहीं है। सभी 80 सीटों पर भाजपा गठबंधन जीत हांसिल करेगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। यही कारण है कि टिकट वितरण को लेकर भी चाचा भतीजे में जंग छिड़ी है। रोजाना प्रत्याशी बदले जा रहे हैं। सपा को प्रदेश मे प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन के हेलीपैड पर उतरा। यहां से उनका काफिला सीधे कलक्ट्रेट पहुंचा। वहां नगीना प्रत्याशी ओम कुमार का नामांकन उन्होंने अपनी उपस्थिति में दाखिल कराया। चंदन चौहान इससे पहले ही नामांकन पत्र दाखिल करा चुके थे। नामांकन के बाद उन्होंने नुमाइश ग्राउंड में आयोजित भाजपा और रालोद की संयुक्त जनसभा को संबोधित किया।

सपा के गढ़ में छिड़ा घमासान, साइकिल के सिंबल से दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन; अब अखिलेश यादव के फैसले का इंतजार

नई दिल्ली। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव और दिलचस्प होता नजर आ रहा है। सपा के गढ़ में ही पार्टी को आंतरिक कलह का सामना करना पड़ रहा है। इस सीट पर सपा के सिंबल पर प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। मुरादाबाद सांसद एसटी हसन ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, वहीं बिजनौर की पूर्व विधायक रुचिवीरा ने खुद को सपा प्रत्याशी बताते हुए बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया है।

उन्होंने बताया कि पार्टी हाईकमान से उन्हें हरी झंडी मिल गई है। बता दें समाजवादी पार्टी ने रविवार को मुरादाबाद से वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को प्रत्याशी घोषित किया था। उसी दिन उनकी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात भी हुई थी। टिकट के अन्य दावेदार कांठ विधायक कमाल अख्तर और मुरादाबाद देहात के विधायक नासिर कुरैशी ने अपने वीडियो जारी कर इसकी जानकारी भी दी थी। उस दिन रात को शहर आने पर डॉ. हसन का स्वागत किया गया। उन्होंने मंगलवार को सपा और कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया। इसी के साथ यह चर्चा आम हुई कि सांसद का टिकट काटा जा रहा है। शाम को रुचि वीरा ने भी खुद के प्रत्याशी होने का दावा किया। पार्टी के कई पदाधिकारी भी नाम न छापने की शर्त पर इसे सही बताने लगे। इस बारे में डॉ. हसन का कहना है कि मैंने तो अखिलेश जी के आदेश पर नामांकन करा दिया। अब दुआ ही कर सकता हूं। खुदा मेरे हक में जो फैसला करेगा मंजूर है।

बिजनौर में भीषण हादसा, अनियंत्रित होकर पलटी कार; पिता-पुत्र समेत चार की मौत

कोतवाली देहात (बिजनौर)। नजीबाबाद थाना क्षेत्र के हरिद्वार-नैनीताल नेशनल हाईवे किनारे बुधवार सुबह चार शव मिले। मौके पर दुर्घटनाग्रस्त कार भी खड़ी मिली, मृतकों में सिपाही, उसका पिता भाई और मामा है। सिपाही अपने पिता को ऋषिकेश दवाई दिलवाने जा रहा था। पुलिस का कहना है कि कार पलटने से चारों की मौत हुई है। हरिद्वार-नैनीताल नेशनल हाइवे- 74 पर कोतवाली नजीबाबाद क्षेत्र के गांव गुनियापुर के पास गन्ना क्रय केंद्र के सामने खाली पड़े प्लाट में अलग-अलग स्थान पर कार सवारों के चार शव मिले हैं। मौके पर दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड फिगो कार भी खड़ी मिली हैं, एक शव कार से 50 मीटर दूर दूसरे प्लाट में पड़ा मिला। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय सिपाही परविंदर उसका भाई 32 वर्षीय रतन सिंह पुत्र मेहर चंद, पिता मेहर चंद निवासी गांव सिरकेडा थाना बछराऊ जिला अमरोहा और उसके मामा 50 वर्षीय देवेंद्र निवासी कोंधा थाना गजरौला जिला अमरोहा के रूप में हुई।

'बाल्टीमोर ब्रिज हादसे से भारत में कोयला संकट गहरा सकता है', जानकारों ने जताई आशंका

नई दिल्ली। अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट पुल के ढहने की गूंज पूरे भारतीय कोयला और पेटकोक बाजारों में सुनाई दे रही है। इससे आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और मूल्यों पर असर पड़ने की चिंता पैदा हो गई है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के अनुसार, एक जहाज की टक्कर से कोयला निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बाल्टीमोर हार्बर के माध्यम से परिचालन स्थगित हो गया है। अमेरिकी थर्मल कोयले का एक प्रमुख आयातक भारत पुल ढहने के बाद अपनी आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियों का सामना कर रहा है। अमेरिका स्थित एक व्यापारी के अनुसार, इस घटना से आर्क कोल के शिपमेंट के प्रतिबंधित होने और भारतीय आयातकों के लिए रसद बाधाएं पैदा होने की उम्मीद है। एक ब्रोकर ने एसएंडपी को बताया, "यह घटना आर्क कोल से एनएपीपी शिपमेंट को प्रतिबंधित

करेगी और भारत के लिए आपूर्ति श्रृंखला में कई समस्याएं पैदा करेगी। यूरोप में थर्मल कोयले पर इसका असर पड़ेगा। भारत पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा। पेटकोक की कीमतों में उछाल देखकर ऐसा लग रहा है!" हालांकि, भारतीय बाजार के कारोबारियों की मूल्य निर्धारण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में मिश्रित राय है। एक भारतीय व्यापारी ने कहा, "अधिकारियों को यह आकलन करने में 6-7 दिन लगेंगे कि घटना से कितना मलबा है और कितना ड्राफ्ट जमा है। क्योंकि अगर ड्राफ्ट कम है तो यह समस्या हो सकती है। अधिकारियों को मलबा हटाने में 10-15 दिन लग सकते हैं, इसलिए इसका मतलब है कि इस अवधि के दौरान जहाजों की आवाजाही नहीं होगी।" बाल्टीमोर बंदरगाह, अमेरिकी थर्मल कोयला निर्यात के लिए एक प्रमुख लोडिंग स्थान है। यह भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बेरोजगारी को लेकर प्रियंका गांधी ने केंद्र को घेरा, कहा- भाजपा के पास इसका समाधान नहीं

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि युवा समझ चुके हैं कि भाजपा उन्हें रोजगार नहीं देगी। हमारी पार्टी के पास उन्हें रोजगार देने के लिए ठोस योजना है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट द्वारा जारी भारत रोजगार रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में 83 फीसदी बेरोजगार जनता युवा है। उन्होंने आगे कहा, "साल 2000 में बेरोजगारों में पढ़े-लिखे युवा 35.2 फीसदी थे। वहीं, 2022 में यह आंकड़ा 65.7 फीसदी हो गया।" कांग्रेस नेता ने कहा, "एक तरफ प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार कह रहे हैं कि सरकार बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं कर सकती है। यह भाजपा सरकार का सच है।" उन्होंने आगे कहा, "आज देश का हर युवा समझ गया है कि भाजपा रोजगार प्रदान नहीं कर सकती है। कांग्रेस पार्टी के पास रोजगार को लेकर ठोस योजना है।" प्रियंका गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं के पहलुओं को भी सूचिबद्ध किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस 30 लाख खाली सरकारी पदों को भरने की गारंटी देती है। प्रत्येक ग्रेजुएट और

डिप्लोमा धारकों को एक लाख रुपये की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पेपर लीक के खिलाफ नया कानून लाएगी। जीआईजी कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा और स्टार्ट-अप के लिए पांच हजार करोड़ रुपये का राष्ट्रीय कोष स्थापित करने के संकेत दिए। कांग्रेस लगातार ही केंद्र सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर निशाना साध रही है।

केजरीवाल मसले को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने जताई नाराजगी, अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने नाराजगी जताई है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बबेर्ना को तलब किया। मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। दरअसल, अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की कोशिश की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से जुड़ी रिपोर्ट पर वह करीबी नजर रख रहा है। वह निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाइयों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं। कूटनीति में राज्यों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की उम्मीद की जाती है। यह जिम्मेदारी और भी

अधिक हो जाती है, जब आपके साथी देश में भी लोकतंत्र हो। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां गलत मिसाल कायम करती हैं। भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं, जो उद्देश्यपूर्ण और समय पर नतीजे के लिए प्रतिबद्ध है। उस पर उंगली उठाना सरासर गलत है। इससे पहले जर्मनी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया था। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया था और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताया था। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जर्मनी ने कहा था कि हम इस घटना पर नजर बनाए हुए हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानक इस मामले में लागू होंगे। केजरीवाल को निष्पक्ष सुनवाई का पूरा अधिकार है। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया था। इसमें कहा गया कि जर्मनी की टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता में दखल के रूप में देखते हैं। भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। इससे पहले दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा दिया गया था। हालांकि, ईडी अदालत से 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन जांच एजेंसी को 6 दिन की रिमांड दी गई।

फेमा मामले में महुआ और दर्शन हीरानंदानी को ईडी का समन, पूछताछ के लिए किया तलब

नई दिल्ली। फेमा मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है। दोनों को 28 मार्च को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है। फेमा मामले में पूछताछ के लिए इससे पहले हीरानंदानी समूह के प्रमोटर्स निरजंन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को ईडी ने फरवरी में तलब किया था। हीरानंदानी ने बताया था कि उन पर फेमा उल्लंघन का आरोप 16 साल पहले लगा था। अब तक उनसे 42 या 43 बार पूछताछ की जा चुकी है। गौरतलब है कि भाजपा के नेता निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकपाल में भी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने मोइत्रा पर आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया था। टीएमसी नेता के खिलाफ लोकपाल की तरफ से शिकायत करने के बाद सीबीआई ने प्राथमिक जांच शुरू की थी। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने दावा किया था कि ये सबूत वकील जय अनंत देहादराई द्वारा प्रदान किए गए थे। लोकसभा स्पीकर को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि उन्हें वकील और महुआ के पूर्व दोस्त जय अनंत का एक पत्र मिला है, जिसमें उन्होंने मोइत्रा और जाने-माने बिजनेस टाइकून दर्शन हीरानंदानी के बीच सवाल पूछने के लिए रिश्वत के आदान-प्रदान के सबूत साझा किए हैं। इसके आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि मोइत्रा ने संसद में उनके द्वारा पूछे गए कुल 61 में से लगभग 50 प्रश्न दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों को बचाने के लिए थे।

सुनीता केजरीवाल बोलीं- छापे में न पैसा मिला, न सबूत, सीएम 28 मार्च को कोर्ट में करेंगे खुलासा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मुख्यमंत्री को आपकी चिंता है। उन्होंने शराब घोटाले पर कहा कि 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल कोर्ट में खुलासा करेंगे। आगे कहा कि अरविंद जी ने मुझे एक बात और कही, इस शो कॉल्ड शराब घोटाले में दो साल में कई जगह रेड मारी। लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला। सिसौदिया जी के यहां, संजय जी के यहां रेड मारी, हमारे यहां रेड मारी लेकिन उन्हें एक भी पैसा नहीं है। मेरा शरीर जेल में है लेकिन मेरी आत्मा आप लोगों के बीच है। आप लोग आंखे बंद कीजिए और महसूस कीजिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि कल शाम मैंने अरविंद जी से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? आगे कहा कि अरविंद जी ने मुझसे कहा कि इस शराब घोटाले की जांच में ईडी ने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की। अभी तक किसी भी छापेमारी में पैसा बरामद नहीं हुआ। आगे कहा कि इसका खुलासा वे 28 मार्च को अदालत में करेंगे। वे इसका सबूत भी देंगे। जानकारी के

लिए बता दें कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल उनसे मिलने मंगलवार को भी ईडी दफ्तर पहुंचीं। उससे पहले रविवार को भी उन्होंने मुलाकात की थी। जब से केजरीवाल ईडी की हिरासत में गए हैं तभी से वह हर दिन शाम को उनसे मुलाकात करने जाती हैं। बीती शाम को भी सुनीता केजरीवाल ने मुलाकात की थी। पीएमएलए मामलों में विशेष अदालत ने केजरीवाल के वकीलों के अलावा उनकी पत्नी सुनीता और केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को हर दिन शाम 6-7 के बीच आधे घंटे के लिए उनसे मिलने की अनुमति दी थी। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने जेल से जनता के लिए अपना संदेश अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से ही सुनाया था। इस संदेश में उन्होंने जल्द जेल से बाहर आने का भरोसा दिखाया। साथ ही, आम आदमी पार्टी कार्यकताओं से दिल्ली सरकार की योजनाओं को आगे चालू रखने की बात भी कही थी। लेकिन जिस तरह उन्होंने अपना संदेश देने के लिए किसी दूसरे नेता की बजाय अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को चुना है, उससे यह संकेत मिल गए कि यदि अरविंद केजरीवाल को जेल जाने के कारण इस्तीफा देना पड़ता है, तो मुख्यमंत्री पद पर सुनीता केजरीवाल ही उनकी पहली पसंद हो सकती हैं।

इंदौर शर्मसार! चार औरतों ने महिला को पीटा और निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया, लोग बनाते रहे वीडियो

इंदौर। इंदौर के समीप गौतमपुरा में चार महिलाओं ने एक महिला को उसके घर से सीढ़ियों से घसीटते हुए निकाला और डंडों से पिटाई कर दी। इसके बाद उसे निर्वस्त्र कर गांव की गली में घुमाया। गांव के लोग यह सब मूक दर्शक बनकर देखते रहे। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चारों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला अपनी सास को मंदसौर लेकर जाने से नाराज थी। इस बात को लेकर उसने अपनी सहेलियां के साथ इस घटना को अंजाम दिया। इसके बाद से ही उसने पीड़िता से रंजिश पाल रखी थी। इस घटना का पता जब पुलिस को चला तो वह गांव पहुंची और चारों आरोपी महिलाएं गिरफ्तार की गई। गांव में आरोपी महिला जब पीड़िता के यहां गई तो जोर-जोर से चिल्लाने लगी कि तू मेरी सास को लेकर क्यों गई। इसके बाद उसे घर से घसीटते हुए गली में ले आई और पाइप और डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद चारों ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। ग्रामीण महिलाओ को रोकने के बजाए वीडियो बनाने लगे। पीड़िता और

आरोपी महिला की सास आपस में बात करती थी। यह उसकी बहू को पसंद नहीं था। पीड़िता उसकी सास को लेकर मंदसौर गई थी। इससे वह और नाराज हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज करते हुए चारों महिलाओ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

संपादकीय

खेती पर तपिश

सच है कि ग्लोबल वॉर्मिंग ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है। जिस गति से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, वह आम आदमी के लिये तो कष्टकारी है ही, किसान के लिये संकट ज्यादा बढ़ा है। इसका सीधा असर खेतों की उत्पादकता पर पड़ रहा है। जिसके मुकाबले के लिये सुनियोजित तैयारी की जरूरत है। किसानों को उन वैकल्पिक फसलों के बारे में सोचना होगा, जो कम पानी व अधिक ताप के बावजूद बेहतर उत्पादन दे सकें। अन्न उत्पादकों को धरती के तापमान से उत्पन्न खतरों के प्रति सचेत करने की जरूरत है, यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो मान लीजिए कि हम आसन्न संकट की अनदेखी कर रहे हैं। यह मसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुद्दा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की खाद्य शृंखला से भी जुड़ा है। यानी गाहे-बगाहे इस संकट की जद में देश का हर नागरिक आएगा। दरअसल, दुनिया के तापमान पर निगाह रखने वाली वैश्विक संस्था डब्ल्यू.एम.ओ.की वह रिपोर्ट चिंता बढ़ा रही है जिसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में पृथ्वी का तापमान कमोबेश औसत तापमान से अधिक ही रहा है। फिक्र की बात यह है कि इसके मौजूदा साल में और अधिक रहने की आशंका जतायी जा रही है। यह वैज्ञानिक सत्य है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से पूरी दुनिया का मौसम चक्र गहरे तक प्रभावित होता है। देर-सबेर इससे मनुष्य जीवन का हर पहलू प्रभावित होगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वॉर्मिंग संकट के चलते पूरी दुनिया में यह कह पाना कठिन है कि कहां अप्रत्याशित बारिश होगी और कहां कष्टकारी तापमान बढ़ेगा। लेकिन इसके बावजूद विकसित देशों की सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत नजर नहीं आती। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि इस सदी के मध्य तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है। जो मानव जीवन चक्र व फसलों के लिये घातक साबित हो सकता है। यह सर्वविदित है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने के लिये प्रतिबद्ध नजर नहीं आ रहे हैं। पूरी दुनिया में बड़े राष्ट्र विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी से दोहन करने में लगे हैं। वे इस बात को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं कि आज दुनिया में औद्योगिकीकरण से पहले के समय के मुकाबले विश्व का तापमान निर्धारित सीमा को पार कर चुका है। जो हमारे लिये एक खतरे की घंटी जैसा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि हम मौसमी बदलाव के अनुकूल खुद को उसी अनुपात में तेजी से ढाल नहीं पा रहे हैं। दरअसल, हमें मौसम के व्यवहार में तेजी से हो रहे बदलाव के अनुरूप अपनी खेती के पैटर्न में भी बदलाव की जरूरत है। उन परंपरागत फसलों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो कम बारिश व अधिक तापमान में ठीक-ठाक उपज देने में सक्षम हैं। एक समय भारत में बड़े भू-भाग में हम मोटे अनाज का उत्पादन करते थे, जो कम बारिश में भी बेहतर फसल दे सकता था। लेकिन कालांतर हमने अधिक सिंचाई वाली फसलों का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करना तेजी से शुरू कर दिया। मौसम में बदलाव का असर खाद्यान्न ही नहीं, सब्जियों, फल-फूलों पर भी गहरे तक पड़ रहा है। ऐसे में सिर्फ कागजी कार्रवाई के बजाय धरातल पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को फसलों के नई किस्म के बीज तैयार करने होंगे, जो किसानों को संबल देने के साथ ही हमारी खाद्य सुरक्षा चेन को सुरक्षित बना सकें। साथ ही हमें कार्बन उत्सर्जन के स्रोतों पर भी अंकुश लगाना होगा। हमें मीथेन उत्सर्जन के स्रोतों पर भी नियंत्रण करना होगा क्योंकि भारत चीन के बाद मीथेन उत्सर्जन में दूसरे नंबर पर है। साथ ही पशुधन का संरक्षण भी अनिवार्य होगा। यदि हम अभी भी नहीं जागे तो हमें अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, चक्रवाती तूफान जैसी आपदाओं के लिये तैयार रहना होगा। भारत, जहां देश की आधी आबादी कृषि व उससे जुड़े व्यवसायों पर निर्भर है, उसके लिये यह संकट बड़ा है।

गिरी आखिर गाज!

हुई कार्रवाई अब ।
गिरी आखिर गाज ।।
गैरजिम्मेदार वो ।
सर पर जिनके ताज ।।
हुई हरकत इस तरह ।
है शर्मिंदा देश ।।
कार्यशैली ऐसी है ।
दर्जा जिन्हें विशेष ।।
धीरे-धीरे परतें ।
लगीं खुलने आज ।।
है सब कुछ स्पष्ट ।
ना रहा कुछ राज ।।
है पड़ता भुगतना ।
किए जो भी काम ।।
प्राप्त कर लिया देश ।
लेकिन कुछ पैगाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारतीय समाज को एक किया है

प्रह्लाद सबनानी

22 जनवरी 2024 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी। इससे निश्चित ही यह आभास हुआ है कि प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारत में समस्त समाज को एक कर दिया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है।

सामान्यतः किसी भी भवन का ढांचा नीचे से ऊपर की ओर जाता दिखाई देता है परंतु प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में यह कहा जा रहा है कि प्रभु श्रीराम का यह मंदिर जैसे ऊपर से बनकर आया है और पृथ्वी पर स्थापित कर दिया गया है। इस भव्य मंदिर को त्रिभुवन का मंदिर भी कहा जा रहा है। तमिलनाडु के एक बड़े अधिकारी, जो कला के जानकार हैं, का तो यह भी कहना है कि इस प्रकार की नक्काशी से सज्जित मंदिर शायद पिछले 1000 वर्षों में तो बनता हुआ नहीं दिखाई दिया है। इस मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के समय लगभग समस्त समाज के लोग पूजा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिठाए गए थे। पूजा सम्पन्न कराने के लिए माननीय पंडितों को देश के लगभग समस्त राज्यों से लाया गया था। देश में लगभग 150 संत महात्माओं की परम्पराएं हैं जैसे गुरु परम्परा, दार्शनिक परम्परा आदि। ऐसी समस्त परम्पराओं के संत महात्माओं की भागीदारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रही। साथ ही, सामाजिक जीवन के कई क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों की भी इस समारोह में भागीदारी रही, जैसे खेल, साहित्य, लेख, कला, मीडिया, प्रशासन, आदि। कुल 18 श्रेणियों के नागरिकों को इस समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिन लगभग 4000 श्रमिकों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दिया था उनमें से 600 श्रमिकों, इंजीनीयरों एवं सुपर्वायजर आदि की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करवाई गई। 22 जनवरी 2024 के पवित्र दिन श्रीअयोध्या धाम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 60 चार्टर हवाई जहाज आए थे। कुल मिलाकर व्यवस्थाएं इतनी अच्छी थीं कि किसी भी नागरिक को श्री अयोध्या धाम में प्रवेश करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई थी। मंदिर परिसर में भी समस्त नागरिकों को अपनत्व लगा था। ऐसा लगा कि स्वर्ग में पहुंच गए हैं एवं मंदिर परिसर में दैवीय अनुभूति हुई। आज भारत एवं अन्य देशों से लगभग 2 लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु श्री अयोध्या धाम प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।

दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को नागपुर में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण पर एक प्रस्ताव पास किया गया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि भारत में सम्पूर्ण समाज हिंदुत्व के भाव से ओतप्रोत होकर अपने ह्लस्वह्व को जानने तथा उसके आधार पर जीने के लिए तत्पर हो रहा है। अब जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है अतः अब भारत के समस्त नागरिकों के संदर्भ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का यह सुविचरित मत है कि सम्पूर्ण समाज अपने जीवन में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों

को प्रतिष्ठित करने का संकल्प ले, इससे राम मंदिर के पुनर्निर्माण का उद्देश्य सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के जीवन में परिलक्षित त्याग, प्रेम, न्याय, शौर्य, सद्भाव एवं निष्पक्षता आदि धर्म के शाश्वत मूल्यों को आज समाज में पुनः प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। सभी प्रकार के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त कर समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज का निर्माण करना ही प्रभु श्रीराम की वास्तविक आराधना होगी। इसी दृष्टि से, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समस्त भारतीयों का आह्वान करती है कि बंधुत्व भाव से युक्त, कर्तव्य निष्ठ, मूल्य आधारित और सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता करने वाले समर्थ भारत का निर्माण करें, जिसके आधार पर वह एक सर्व कल्याणकारी वैश्विक व्यवस्था का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। यदि भारतीय समाज एक होगा तो भारत को पुनः एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में आसानी होगी।

श्री अयोध्या धाम में नव निर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने न केवल भारतीय समाज को एक किया है बल्कि इससे भारत की आर्थिक प्रगति में चार चांद लग रहे हैं। देश में धार्मिक पर्यटन की जैसे बाढ़ ही आ गई है। न केवल भारतीय नागरिक बल्कि अन्य देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भी प्रभु श्री राम के दर्शन करने हेतु श्री अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के लाखों नए अवसर विकसित हो रहे हैं। भारतीय समाज में एकरसता आने से भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों को भी बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है जिससे आपस में भाईचारा बढ़ता दिखाई दे रहा है। यदि मां भारती को विश्व गुरु बनाना है तो भारत में निवास कर रहे समस्त नागरिकों में एकजुटता स्थापित करनी ही होगी। भारत में मजबूत राजनैतिक स्थिति, मजबूत लोकतंत्र, मजबूत सामाजिक स्थिति, मजबूत सांस्कृतिक धरोहर होने के चलते विश्व के अन्य देशों का भारतीय सनातन संस्कृति पर विश्वास बढ़ रहा है जिसे भारत के वैश्विक स्तर पर पुनरुत्थान के रूप में देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत जी भी अपने एक उदबोधन में कहते हैं कि राम राज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन शास्त्रों में मिलता है, उसी का आचरण आज हमें करना चाहिए क्योंकि हम भी इस गौरवमय भारतवर्ष की संताने हैं। आज हमें राम राज्य के समय नागरिकों द्वारा किए जाने वाले आचरण को अपनाने हेतु तप करना पड़ेगा, हमको समस्त प्रकार के कलह को विदाई देनी पड़ेगी। समाज में आपस में अलग अलग मत हो सकते हैं, छोटे छोटे विवाद हो सकते हैं, इन्हें लेकर आपस में लड़ाई करने की आदत छोड़ देनी पड़ेगी। राम राज्य के समय नागरिकों में अहंकार नहीं हुआ करता था वे बगैर अहंकार के आपस में मिलजुलकर काम करते थे। श्रीमद् भागवत में बताया गया है कि जिन चार मूल्यों की चौखट पर धर्म का निवास रहता है, वे चार मूल्य हैं - सत्य, करुणा, सुचिता और तपस। राम राज्य में इन मूल्यों का अनुपालन नागरिकों द्वारा किया जाता था। भागवत जी आगे कहते हैं कि आज की परिस्थितियों के बीच नागरिकों द्वारा आपस में समन्वय रखकर व्यवहार करना यह धर्म का ही प्रथम पायदान है। दूसरा कदम माना जाता है धर्म का आचरण अर्थात सेवा और परोपकार करना। केंद्र सरकार एवं अन्य कई राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही कई योजनाएं गरीबों को राहत दे रही है। आज इस संदर्भ में सब कुछ हो रहा है लेकिन भारत के नागरिक होने के नाते हमारा भी तो कुछ कर्तव्य है।

टीकाकरण अभियान में अवरोध से बढ़ता संक्रामक बीमारियों का खतरा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

लैसेंट ग्लोबल हेल्थ में हालिया प्रकाशित रिपोर्ट इस मायने में चिंतनीय और महत्वपूर्ण हो जाती है कि विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान में अवरोध का असर सामने आने लगा है। दुनिया के देशों के सामने खसरा, हेजा, हेपेटाइटिस सहित 14 से अधिक बीमारियों के फैलने का संकट उभरने लगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देषों में हेजे के कारण मौत का आंकड़ा लगभग दो गुणा हो गया है। तपेदिक नए वेरियंट में आने लगी है जिसमें लगातार खांसी नहीं होने के कारण तपेदिक का पता लगने तक काफी देरी होने लगी है। दरअसल कोरोना ने अपने साइड इफेक्ट इस हद तक छोड़ गया है कि उसका असर हमें प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से आने वाले कई सालों तक देखने का मिलेगा। कोरोना के कारण दुनिया के देशों में टीकाकरण अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। 2019 के अंतिम त्रैमास से 2020 तक कोरोना त्रासदी और उसके बाद कोरोना के नित नए वेरियंट के कारण स्वास्थ्य को लेकर चल रहे विभिन्न अभियानों पर सीधा सीधा असर पड़ा है। मजे की बात यह है कि उसका असर अब दिखाई देने लगा है। इंपिरियल कॉलेज लंदन के शोधार्थियों ने भारत सहित 112 देशों में किए गए अध्ययन में यह पाया है कि टीकाकरण में कोरोना काल में टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के कारण 2030 तक दुनिया के देशों में खसरा सहित 14 बीमारियों के फैलने के कारण अतिरिक्त मौत होगी। एक अनुमान के कारण अकेले खसरे के कारण ही 40 हजार से अधिक जान जाने का अनुमान है। हैजे के कारण होने वाली मौतों के आंकड़ें सामने आये हैं। करीब करीब दो गुणी गति से हैजे के मामलें सामने आने लगे हैं। 2023 में सात लाख के करीब मामलें सामने आये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसीलिए चिंता जताई है।

दरअसल टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के लिए किसी को दोष भी नहीं दिया जा सकता। कोरोना 2019 के हालात ही ऐसे थे कि उस समय केवल और केवल कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने और लोगों की जान बचाना एकमात्र प्राथमिकता रह गई थी। हालात भयावह थे तो न भूतो न भविष्यति के हालात थे। सब कुछ ठहर जाने और दुनिया के किसी भी कोनों में नजर ड़ालों चारों और मौत का तांडव ही दिखाई देता था। सारी दुनिया का ध्यान इस त्रासदी से एक एक जान बचाना बड़ी प्राथमिकता थी। इस दौरान टीकाकरण अभियान तो जोर शोर से चला पर वह अन्य बीमारियों के स्थान पर कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन और उसके पहली और दूसरी डोज पर ही केन्द्रीत रहा। दुनिया के देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाना पहली प्राथमिकता रही। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए भारत ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया। परिणाम सामने हैं। आज कोरोना का आतंक लगभग समाप्त हुआ है। पर करोना के साइड इफेक्ट आज भी सामने हैं। हांलाकि कोरोना में मौत को नजदीक से देखने और कोरोना के कारण लाचारगी के बावजूद दुनिया के देशों में जो समझ आनी चाहिए थी वह कोसों दूर है। रुस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, चीन की दादागिरी सहित दुनिया के देशों में संघर्ष, आतंकवादी घटनाएं बहुत कुछ सोचने को मजबूर करती है। हांलाकि यहां विचार करना विषयांतर होगा।

दरअसल कोरोना काल ही ऐसा था कि उस समय वर्षों से चले आ रहे अभियान लगभग ठहर ही गए थे। बल्कि यों कहा जाए कि उस समय सारी दुनिया का ध्यान सबसे हटकर कोरोना त्रासदी से बचाव की और ही रह गया था। कोरोना प्रोटोकाल और कोरोना वायरस के संक्रमण के तरीके ने ही हिला कर रख दिया था। मास्क, सेनेटाइजर, सोशियल डिस्टेंस उस समय का धर्म था तो अस्पताल तो दूर की बात घर से निकलते भी भय लगता था। ऐसे में टीकाकरण अभियान बाधित होना ही था। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीन की और सबका ध्यान होने से अन्य वैक्सीन के उत्पादन और उपलब्धता प्रभावित होना स्वभाविक था। पर अब जो अध्ययन सामने आया है और जो देखने को मिल रहा है वह चिंतनीय है। खसरा, हैजा, तपेदिक, हैपेटाइटिस बी सहित 14 प्रकार के टीके जो समय पर लगाये जाने आवश्यक होते हैं वह प्रभावित हुए हैं। खसरा और फ्लू के नित नए वैरियंट सामने आ रहे हैं। स्वाइन फ्लू, पैरट फीवर, रुबेला, न्यूमोनिया और ना जाने क्या क्या जानलेवा बीमारियां असर दिखाने लगी है। हैजे के दो साल में ही बढ़ते मामलों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन अपनी चिंता जता चुका है। केवल हैजे के ही 2022 की तुलना में 2023 में करीब 48 प्रतिशत अधिक मामलें सामने आना अत्यधिक चिंता का कारण हैं। लोगों के इम्यूनेशन पॉवर में कमी आना बेहद चिंतनीय है। मौसम के जरा से बदलाव के साथ ही डॉक्टरों के यहां कतार लग जाना और नित नए वैरियंट में बीमारियां होना अपने आप में गंभीर हो जाता है।

चिकित्सा विज्ञान में शोध व अध्ययन कर रहे शोधार्थियों के लिए हालात चिंतनीय होते जा रहे हैं। उलटा होने यह लगा है कि जो बीमारियां लगभग समाप्ती की और थी उनके नए वैरियंट भी दिखाई देने लगे हैं। तपेदिक इसका जीता जागता उदाहरण है। अब हालात सामने हैं। कोरोना के कारण जो हालात बने उसके लिए किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है। अब हो हालात और चुनौती सामने हैं उसी को देखते हुए आमजन के स्वास्थ्य की रणनीति तैयार करनी होगी। कोरोना के कारण प्रभावित वैक्सीनेशन से निपटने की योजना बनानी होगी। ऐसे समन्वित प्रयास करने होंगे ताकि टीकाकरण नहीं होने के कारण जो हालात बन रहे हैं उसका कोई सार्थक समाधान खोजा जा सके। यह किसी एक देश या एक कौम की चिंता नहीं है अपितु दुनिया के 112 देशों के अध्ययन का परिणाम हैं। हालात मुंह बाएं सामने हैं। जो होना था वह तो हो गया पर अब इसका संभावित उपाय खोजने के लिए वैज्ञानिकों को जुट जाना होगा। वैज्ञानिकों की मेहनत का ही परिणाम है कि 1937 से 2021 तक टीकाकरण अभियान का ही परिणाम रहा कि इन जानलेवा बीमारियों पर काफी हद तक अंकुश पाया जा सका। पर अब टीकारण अभियान में आये व्यवधान के कारण हालात में थोड़ा बदलाव आया है जिसे ध्यान में रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा। चुनौतियां दो तरह की सामने है। एक और इन बीमारियों के फैलाव या यों कहें कि संक्रमण को रोकना है तो दूसरी और इनसे प्रभावितों के सही ईलाज की चुनौती सामने है। दुनिया के देशों को इसके लिए जुट जाना होगा तो विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी गंभीर चिंतन मनन के साथ ही कारगर रणनीति तैयार करनी होगी।

भारत सतर्क रहे मास्को में हुए हमले से

पुष्परंजन

मास्को के क्रॉकस सिटी हाल पर 22 मार्च को भयावह आतंकी हमले के सिलसिले में जिन चार ताजिकों पर कोर्ट ट्रायल चल रहा है, उनकी नागरिकता की जिम्मेदारी लेने से ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली रहमान ने पल्ला झाड़ लिया है। ताजिक राष्ट्रपति ने पुतिन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकियों की कोई राष्ट्रीयता नहीं होती। करीब 137 लोगों की हत्या करने वालों के साथ आपको जैसा सुलूक करना हो, करें। जिन चार ताजिकों की तुड़ाई रशियन जांच एजेंसियों ने की है, उन लोगों की पहचान सैदाक्रम राजाबलीजोडा, दलेरजोन मिर्जोव, मुहम्मद सोबिर फैजोव और फरीदुन शम्सिद्दीन के रूप में की गई है।

अदालत ने कहा कि बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान चार में से तीन लोगों ने अपना दोष स्वीकार कर लिया है। रूसी मीडिया रिपोर्टों में 11 गिरफ्तारियां बताई गई थीं। मगर, चार के बाद वो बाकी लोग कौन हैं? यह सवाल अनुत्तरित है। यूक्रेन बार-बार पल्ला झाड़ रहा है कि इस हमले से हमारा कोई लेना-देना नहीं। पुतिन ने इस कांड का पूवार्भास देने वाले अमेरिका के विरुद्ध अलग से मोर्चा खोल रखा है। खबर यह बन रही है कि यह सब सीआईए का किया-कराया है, जिसके तार यूक्रेन से जुड़े हैं। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है, रूसी इंटेलीजेंस की विफलता। पुतिन इस चूक को मानने से इनकार कर रहे हैं। मगर, पुतिन के विरोधी बोल रहे हैं कि रूसी इंटेलीजेंस के लोगों को केवल सिस्टम की आलोचना करने वालों के पीछे लगा रखा है, इन्हें देश की सुरक्षा से मतलब नहीं।

दूसरी ओर ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के बयान के बाद उनके देश में ही राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी इस्लामिक रेनेसां पार्टी ऑफ ताजिकिस्तान (आईआरपीटी) के नेता मुहिद्दीन कबीरी ने अपने कुछ नागरिकों को कट्टरपंथी बनाने के लिए इमोमाली रहमान की तानाशाह नीतियों और इस्लाम के विरुद्ध कार्रवाई को जिम्मेदार ठहराया है। ह्यआईआरपीटीह्य जो कभी सरकार में सहयोगी थी, अब ताजिकिस्तान में प्रतिबंधित है। रूसी सांसद अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने टेलीग्राम पर लिखा कि कार के अंदर ताजिक पासपोर्ट पाए गए थे, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर संदिग्धों ने मॉस्को से लगभग 340 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में ब्रांस्क क्षेत्र में रूसी पुलिस द्वारा पकड़े जाने से पहले किया था। राजाबलीजोडा, वह शख्स है, जिसका कोर्ट ट्रायल हो रहा है। एक वीडियो क्लिप में उसे मॉस्को हमले में भाग लेने की बात कबूल करते हुए दिखाया गया है। वीडियो फुटेज में रूसी सुरक्षा अधिकारियों को उस शख्स का कान काटते हुए दिखाया गया है। उसके सिर पर पट्टी बंधी हुई और चेहरा और टी-शर्ट खून से लथपथ भी दिखाया गया है। उस व्यक्ति का कहना है कि हमले के स्थान से भागते समय उसने और उसके अन्य साथियों ने अपने हथियार सड़क पर कहीं छोड़ दिए थे।

ताजिक लहजे में रूसी बोलते हुए, एक और शख्स फरीदुन शम्सिद्दीन वीडियो फुटेज में कह रहा है कि अंधाधुंध गोलियां बरसाने के लिए उसे एक मिलियन रूबेल देने की पेशकश की गई थी। ऐसे वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि भी एक अलग चुनौती है। संदिग्धों में 19 वर्षीय मुहम्मद सोबिर फैजोव भी शामिल है, जो ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे का रहने वाला है। फैजोव कथित तौर पर गिरफ्तारी से पहले घायल हो गया था, जिसका ब्रांस्क अस्पताल में इलाज किया गया है।

रूसी मीडिया की रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप्स ने प्रवासी ताजिक नागरिकों पर शामत ला दी है। रूस, सेंट्रल एशियाई देशों के लाखों श्रमिकों के लिए घर जैसा है। रूस में 18 से 20 लाख के लगभग ताजिक मूल के लोग हैं। वहां क्रॉकस सिटी हाल हत्याकांड से लोग इतने आहत और गुस्से में हैं कि ताजिक विरोधी दंगे भी कई जगहों पर देखने को मिल रहे हैं। सुदूर पूर्वी शहर ब्लागोवेशचेंस्क में ताजिक प्रवासियों द्वारा चलाए जा रहे एक कैफेटेरिया में आग लगा दी गई, जबकि पश्चिमी रूसी शहर कलुगा में कथित तौर पर तीन ताजिकों को पीटा गया। कई रूसी शहरों में ड्राइवर ताजिक होने का पता लगते ही टैक्सी सेवा के ग्राहक कथित तौर पर अपना ऑर्डर रद्द करने लगे। ताजिक के शक में सेंट्रल एशियाइयों के विरुद्ध भी कुछ ऐसी ही प्रतिक्रियाएं देखने को मिलने लगी हैं। गत 23 मार्च को मॉस्को के शेरेमेतयेवो हवाई अड्डे पर दर्जनों किर्गिज पुरुषों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें लगभग 24 घंटों तक कोई भोजन या पानी नहीं मिला है, और महिलाओं और बच्चों को किर्गिस्तान की उड़ानों में वापस भेज दिया गया है।

सेंट्रल एशिया में अवस्थित ताजिकिस्तान पहले सोवियत संघ का हिस्सा था जिसके विघटन के बाद 1991 में एक स्वतंत्र देश बना। 1992 से 1997 के कालखंड में गृहयुद्धों की मार झेल चुके इस देश की कूटनीतिक-भौगोलिक स्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। यह उजबेकिस्तान, अफगानिस्तान, किर्गिजस्तान तथा चीन के मध्य स्थित है। उत्तरी पाकिस्तान का पतला-सा वाखान गलियारा भी इसे जोड़ता है। ताजिकिस्तान की भाषा ताजिक फारसी का ही एक रूप है। 1 करोड़ 28 लाख की आबादी वाला ताजिकिस्तान पूर्व सोवियत गणराज्यों में सबसे अधिक गरीब देश है। भ्रष्टाचार और राजनीतिक दमन के लिए जाना जाने वाला यह देश, 1994 से राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के कठोर शासन की गिरफ्त में है। अनुमान है कि रूस में 18 से 20 लाख से ताजिक मूल के लोग रहते हैं, उनमें से अधिकांश अधोसंरचना, इंडस्ट्रीयल प्रोडक्शन जैसे असंगठित क्षेत्रों में लेबर हैं, या फिर सार्वजनिक शौचालयों की सफाई जैसी नौकरियां करते हैं। रूस की घटती जनसंख्या ने ऐसे श्रमिकों पर निर्भरता बढ़ा दी है। बावजूद इसके, सेंट्रल एशिया और काकेशस क्षेत्र के मूल निवासियों के प्रति रूसियों का रवैया आम तौर पर नकारात्मक है। यह ठीक वैसा ही है, जैसे मैक्सिकन लोगों के बारे में अमेरिकी सोच है। 2015 में डोनाल्ड ट्रम्प ने बोल भी दिया था, वे मैक्सिको से ड्रग्स ला रहे हैं। अपराध ला रहे हैं।

खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन आईएसआईएस-के का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया कर दिया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। अब ये एक ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के मुख़्तलिफ हिस्सों में पसर चुके हैं। इनके हमलों की कहानियां भयानक हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं?

मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा

जौनपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा यथाः- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकोध्डाकघरो द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र ध्राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकोंध्विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार में से कोई एक लाना होगा। एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अन्दाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिये। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणां के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट(तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

होली पर खूब मचाया धमाल, डीजे की धुन पर नाचे

जौनपुर। सोमवार को उत्साह के साथ होली पर्व मनाया गया। घरों में सुबह पूजा अर्चना के पश्चात करीब दस बजे के बाद बच्चे हाथों में पिचकारियां लेकर एक दूसरे को भिगोते नजर आए। युवाओं की टोली गुलाल अबीर उड़ाते सकों पर नजर आई। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में जगहजगह डीजे की धुन व ढोल की थाप पर युवक देर शाम तक थिरकते रहे। देर शाम तक चले कार्यक्रम संपन्न हो गए। नगर में रंग डालने को लेकर कई जगह मामूली कहासुनी भी हुई। कपड़े जमकर फाड़े गये। महिलायें भी होली खेले में पीछे नही रही। हर जगह लोगों ने पुराने गिलेशिकवे भूलकर एक दूसरे को गुलाल लगाया। बच्चों ने राहगीरों पर छतों से पानी से भरी बाल्टी उड़ेली। गली-मोहल्लों से लेकर बाजारों और देहात में होली की खुमारी छाई रही। लोगों ने अपने गिले-शिकवे व मनमुटाव को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और हर कोई आपसी भेदभाव भुलाकर रंगों से सराबोर नजर आया।एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाने के साथ ही मिठाई खिलाकर त्योहार की मिठास का अहसास कराया। डीजे की धमाकेदार धुनों और होली गीतों पर युवाओं की टोली मस्ती में डूबी नजर आई। युवाओं के साथ बच्चों की टोली ने भी जमकर हुड़दंग मचाया। ढोल नगाड़ों के साथ हुरियारों ने फिल्मी गीतों पर खूब ठुमके लगाए। सुबह से ही बच्चे, बूढ़े और नौजवान होली खेलते नजर आए। छोटे बच्चे पिचकारी में गुलाल भरकर घर के सामने से गुजरने वाले हर व्यक्ति को रंगों से सराबोर करने में लगे थे। कुछ लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने एक-दूसरे के साथ कपड़ा फाड़ होली भी खेली। ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली धूमधाम से मनाई गई। लोग सुबह घरों से निकले और परंपरागत तरीके से होली खेली।फिल्मी गीतों पर थिरकते कदम, तालियों की आवाज और रंगों की फुहार के बीच हर ओर बस बुरा न मानो होली है, की धूम रही। लोगों ने भांग की ठंडाई का सेवन किया और इसका प्रसाद के रूप में वितरण भी किया। चैराहे और हर बाजार के अलावा प्रमुख कॉलोनियों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सायरन की गूंज लोगों के सुरक्षित होने का अहसास दिलाती रही।

पेट्रोल पंपों पर निर्वाचन सहित जन सामान्य के लिए इंधन आरक्षित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु अधिसूचना जारी की जा चुकी है। तद्क्रम में जनपद में आदर्ष आचार संहिता लागू हो गयी है। उपर्युक्त के फलस्वरूप जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के सकुशल सम्पादन हेतु निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित भारी/हल्के वाहनों में ईंधन भराने हेतु जनपद के प्रत्येक डीजल/पेट्रोल पम्प पर 5000 लीटर डीजल व 1000 लीटर पेट्रोल तत्काल प्रभाव से आरक्षित की जाती है। यह आरक्षित मात्रा पम्प के स्टाक में बराबर सुरक्षित रखी जायेगी, ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्य से सम्बन्धित भारी/हल्के वाहनों में आवष्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके। उक्त आरक्षित मात्रा का निस्तारण जिला निर्वाचन अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अधोहस्ताक्षरी के निर्देषानुसार किया जाना है। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त पेट्रोल/डीजल पम्प स्वामियों को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने डीजल/पेट्रोल पम्प पर 5000 लीटर डीजल व 1000 लीटर पेट्रोल का स्टाक तत्काल प्रभाव से माह जून, 2024 तक आरक्षित रखना सुनिश्चित करें। साथ ही पम्प स्वामियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि अपने रिटेल आउटलेट पर उपर्युक्त आरक्षित मात्रा के अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में डीजल/पेट्रोल का भण्डारण हेतु ऑयल कम्पनी में प्रतिदिन इण्डेण्ट लगाकर जनसामान्य के लिए भी ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में लाना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त अवधि में आम जनमानस को कोई असुविधा न हो।

पुलिस लाइन में होली उत्सव का आयोजन

जौनपुर। होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के बाद मंगलवार को पुलिस लाइन में होली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस के जवानों ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ व पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयपाल शर्मा के साथ होली खेली। डीएम व एसपी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी।होली उत्सव के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, सर्किल के क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह, संदीप पांडेय व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश कर एवं अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान लोकगीत गायकों द्वारा फागुन गीत की प्रस्तुति दी गई।

एक वारंटी सहित 3 गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के कुशल पर्यवेक्षण में बुधवार को थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद व थाना बहरियाबाद पुलिस टीम द्वारा हुसैनपुर मोड थाना बहरियाबाद गाजीपुर के पास वारण्टी अभियुक्त अलामुद्वीन को एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अवैध तमंचा की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 29/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया, तथा मुकदमा उपरोक्त व पूर्व के वारण्ट मे विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान न्यायालय में किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद मय पुलिस टीम थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर के लोग शामिल रहे। जबकि क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 34/2024 366/376 भा0द0वि0 व 5छ/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अमन कुमार पुत्र ओमप्रकाश राम नि0ग्राम बगही थाना मरदह जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उप निरीक्षक मो0 सैफ थाना मरदह, कांस्टेबल दिलीप कुमार थाना मरदह जनपद गाजीपुर शामिल रहे। इसी प्रकार थाना मरदह जनपद गाजीपुर उप निरीक्षक ओमकार तिवारी मय हमराह हेड कांस्टेबल आफताब खान, कांस्टेबल जुगुनु सोनकर, कांस्टेबल मनोज गुप्ता के रवाना शुदा रोज की भांति आम तारीखी दिरोजा से बाद देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम, भ्रमण, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति रात्रिगस्त से मय गिरफ्तार शुदा एक नफर अभियुक्त मोनू यादव पुत्र फुन्नु यादव निवासी ग्राम लहुरापुर थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 49/2024 धारा 380/411 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट तथा गिरफ्तार अभियुक्त मोनू उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर व चोरी के एक जोड़ी पायल सफेद धातु, एक अदद जोड़ी मेहन्दी छाल सफेद धातु व एक अदद मांग टीका पीली धातु व एक अदद नथिया पीली धातु व एक अदद लाकेट पीली धातु व एक अदद माला प्लास्टीक गुड़िया बरामद किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

भोजपुरी कबि संजीव त्यागी के खंड काव्य अष्ट बलिदानी का हुआ विमोचन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गंगा मइया की जय कहकर, शिवपूजन कूद पड़े जल में, पीछे हो गया हुजूम पार उस भागड़ से पल दो पल में। उत्साह बढ़ा, कुछ और चले आ गया शेरपुर खुर्द, स्वागत को प्रस्तुत मिले जहा,नव युवकों के दल ठाव -ठाव यह है पँक्तिया है भोजपुरी के कवि संजीव कुमार त्यागी की खण्डकाव्य कृति 'अष्ट बलिदानी' की जिसका विमोचन मंगलवार को शेरपुर कला महावीर मन्दिर परिसर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के हाथों विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के साथ सैकड़ो की संख्या में शिक्षक , बुद्धिजीवी , समाजसेवी शामिल रहे। वक्ताओ ने सवर्प्रथम 18 अगस्त सन 1942 में महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए आंदोलन करो या मरो में बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देकर याद किया। वक्ताओं ने इनसे देश प्रेम की प्रेरणा लेने की बात कही।देशभक्ति बचपन से ही कूट-कूट कर भरी थी। युवा पीढ़ी को क्रांतिकारियों के जीवन से देश सेवा की सीख लेनी चाहिए।न सिर्फ जीते जी देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, बल्कि अपने बलिदान से हर भारतवासी के हृदय में स्वाधीनता की अलख जगाई। और ये राष्ट्रभक्त स्वतंत्रता आंदोलन के अमर प्रतीक हैं, जो हमें सदैव राष्ट्र की सेवा

और एकता के लिए प्रेरित करते रहेंगे। जो अष्ट बलिदानी पुस्तक के माध्यम से शहीदो के वीरगथाओ को आसानी से समझा जा सकता है। कवि संजीव कुमार त्यागी ने बताया कि अष्ट शहीदों व सैकड़ो सेनानियों के बलिदानियो के परिजनों की भावनाओं को बहुत अंदर तक महसूस करके मैंने उसे शब्दो मे उकेरने की कोशिश की है। अष्ट बलिदानी पुस्तक के माध्यम से शेरपुर के शहीदों व सेनानियों को राष्ट्र में पहचान मिल सके। और आने वाली पीढ़ियो अपने शहीदों के बलिदानियों को याद रख सके। इसके पूर्व शहीद पार्क में पहुचकर शहीद स्तम्भ पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ। कार्यक्रम के संयोजक मनीष कुमार राय ने अतिथियों को अंगवस्त्रम व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र राय व आंगतुकों के प्रति आभार मिथलेश राय ने व्यक्त किया। संचालन की भूमिका बाला जी राय ने निभायी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राय मोनू, पूर्व प्रधान लल्लन राय, हेमनाथ राय, कवि सतेंद्र यादव, दीनबन्धु उपाध्याय, जयशंकर राय, श्याम नारायण राय डॉ0 आलोक कुमार राय, स्वदेश राय सपन, रब्बन राय, आशीष राय सिंटू, चंदन राय, शशिशेखर राय,सीताराम राय, राकेश राय, बुचू उपाध्याय, आशीष राय,अमरनाथ राय,त्रिलोकी राय, मुकुंद राय,अंकुर राय आदि लोग मौजूद रहे।

रिहायशी मड़हा और गोमटी में लगाया आग

जौनपुर। जिले के मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नान्हू के पूरा गांव में होलिका फूंकने के बहाने अराजकतत्वों ने रिहायशी मड़हा और गोमटी में रखा सामान फूंक दिया। इससे घर गृहस्थी व दुकान का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद परिवार दाने-दाने का मोहताज व छत विहीन हो गया है। रविवार की रात नान्हू के पूरा गांव निवासी राजेश गौतम पुत्र राम लखन गौतम खाना खाकर अपने परिवार सहित अपने रिहायशी मड़हे में सोया हुआ था। आरोप है कि रात दो बजे अराजकतत्वों ने उसके रिहायशी मड़हे में आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा परिवार किसी तरह से बाहर निकला तो देखा कि मड़हे के बगल गोमती में रखी चाय पान की दुकान भी धू-धू कर जल रही थी। शोर सुनकर गांव के लोग दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक रिहायशी मड़हा और चाय पान की दूकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केराकत पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र मे फ्लैग मार्च किया। केराकत आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए शासन व प्रशासन सक्रिय हो गया है। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती व पुलिस उपाधीक्षक प्रतिमा वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्वक चुनाव में सहयोग व मतदान में हिस्सा लेने का अपील किया। पुलिस व सीआईएसएफ के जवानो ने सरायबीरू, नरहन, सिहौली, अकबरपुर, सर्की, सुल्तानपुर, बसगित, अमिहित, सेनापुर, भौरा, कुसैला, मुर्की, बंजारेपुर, आदि गांवो का भ्रमण कर शांति माहौल बनाएं रखने की अपील करते रहे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह सहित आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

रमजान में रोजा इफ्तार देता है एकता का संदेश

जौनपुर। नगर के शिया इंटर कॉलेज के बगल में एक प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता आलोक गुप्ता समाज सेवी द्वारा इफ्तार कराया गया । ,विशिष्ट अतिथि रहे समाजसेवी रियाजुल हक ने उक्त मौके पर कहा कि इस तरीके के आयोजनों से दो अलग-अलग समुदाओ के लोगों के बीच में समन्वय बनता है, इससे आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम होता है। मुख्य अतिथि के रूप में शिया जामा मस्जिद के प्रबंधक एवं समाजसेवी अली मंजर डेजी रहे उन्होंने कहा कि गंगा जमुना तहजीब की मिसाल यमदग्नि ऋषि की तपोभूमि जौनपुर हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक हमेशा रहा है,इसी कड़ी को मजबूत करते हुए आलोक गुप्ता ने जो आज माहे रमजान के पवित्र माह में रोजा इफ्तार का आयोजन कराया है यह प्रयास उनका जौनपुर की एकता व भाईचारे को और मजबूत करता है, उन्होंने आगे कहा कि रोजा इफ्तार हो या भंडारा यह धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ तन मन को भी स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका अदा करता है और एक दूसरे में आपसी प्रेम को प्रदर्शित करता है।इसी लिए आइये हम सब मिलकर इस माहे रमजान में अपने ईश्वर से यह प्रार्थना दुआ करें कि हमारा देश भारत में अमन चैन बना रहे और हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन करें ,देश विकसित तभी हो सकता है जब सब लोग मिलजुल कर एक साथ देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करेंगे।

घर के निकट लटकता मिला ट्रक चालक का शव

जौनपुर। जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के निसान गांव निवासी एक ट्रक चालक का शव उसके घर से 150 मीटर दूर बगीचे में पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना को लेकर छानबीन शुरू कर दी। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के निसान गांव निवासी 47 वर्षीय बनारसी यादव पुत्र लाल जी निवासी निसान, थाना गौराबादशाहपुर जो कि मुंबई के गोरे गांव में रहकर ट्रक चलाता था। ट्रक चलाकर ही अपने दो पुत्र व दो पुत्रियां का पालन पोषण करता था। अभी एक महीने पहले ही वह मुंबई से घर लौटा था। तब से घर पर ही रह रहा था। सोमवार को होली के दिन दोपहर में लगभग तीन बजे बजे घर से महज 150 मीटर दूर बगीचे में एक पेड़ पर बनारसी यादव का शव फंदे से लटकता मिला। बगीचे में गए गांव के कुछ लोगों ने देखा तो शोर मचाते हुए परिजनों को और ग्राम प्रधान को सूचना दी।

संक्षिप्त खबरें

होली की मस्ती में बाइक चला रहे दो युवक की मौत

प्रखर महराजगंज/फरेंदा। जहां एक तरफ लोगों के घरों में होली की खुशियां मनाई जा रही थी वहीं दूसरी तरफ रोने बिलखने की आवाजें सुनाई दे रही थीं।जनपद महराजगंज के नगर पंचायत आनंद नगर फरेंदा कस्बे में दिनांक 26/03/2024 दिन मंगलवार होली की मस्ती में चला रहे बाइक सवार का भीषण सड़क हादसे मे मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। युवकों की मौत की सूचना के बाद पीड़त परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार होली मना रहे बाइक सवार दो युवक शनिचरहिया के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। इस हादसे में बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।घटना सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल युवकों एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकटी भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवकों की पहचान अरमान अली व काजू के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिपाहियों ने ग्राम प्रधान के भाई को पीटा, हाथ हुआ फ्रैक्चर

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर तैनात पर सिपाहियों द्वारा गोशाला देखकर बाइक से घर लौट रहे ग्राम प्रधान के भाई को पीट दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। बुधवार को एसीपी पिंडरा से न्याय की गुहार लगाई। एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार को दिए शिकायती पत्र में दिव्यांग भरत कुमार ने आरोप लगाया कि वह 24 मार्च को गांव के बाहर स्थित गौशाला को देख कर घर आ रहा था तभी होलिका दहन को लेकर कुछ विवाद होने पर ग्राम प्रधान जयसिंह ने थाना प्रभारी को सूचना दी ।जिसपर पुलिस पहुची थी। लेकिन जब वह घर लौट रहा था तो तभी पुलिस ने रास्ते मे उसे रोकी और पूछताछ के दौरान रात में बाइक से टहलने का आरोप लगाकर लाठी से पीट दिया जिससे उसका बाए हाथ मे काफी चोट आई। एक्सरे कराया तो फ्रैक्चर निकला। दो दिनों से फूलपुर पुलिस के यहाँ गुहार लगाने के बाद कोई सुनवाई न होने बुधवार को एसीपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। एसीपी ने जांचकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

शोक सभा का आयोजन

प्रखर केराकत जौनपुर। नगर के शेखजादा मोहल्ला में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी हरिश्चंद्र साहू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वह शेखजादा मोहल्ले के सभासद राजेश साहू के पिता थे। वक्ताओं ने उनके निधन को समाज की एक अपूरणीय क्षति बताया। इस मौके पर कयाम खान, असलम अंसारी, बांके लाल, बबलू मद्धेशिया, अफरोज, रवीन्द्र आदि रहे।

बीते 5 दिनों से गायब युवक का नहीं लगा पता

प्रखर गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के बरहनिया ग्राम निवासी रामनिवास बिंद का पुत्र गौरव बिंद पिछले 5 दिनों से लापता है। परिजनों के अनुसार वह 23 मार्च की सुबह घर से कहीं जाने के लिए निकला था। लेकिन आज तक वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने हर जगह उसकी खोजबीन की लेकिन उसकी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई। जिसको लेकर परिजन 27 मार्च को गाजीपुर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। मामले के बाबत पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही गायब युवक को ढूंढ लिया जाएगा।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

जौनपुर। जनपद के थाना सरपतहां क्षेत्र स्थित डीहअसरफाबाद बाजार के पास आटो रिक्शा और ई रिक्शा के आपसी टक्कर में वृद्ध की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। क्षेत्र के सुइथाकलां (घमहा का पूरा) निवासी दलसिंगार बिंद (60) अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ऑटो रिक्शा से दोस्तपुर अपने रिश्तेदार के यहां किसी के निधन पर शोक-संवेदना प्रकट करने जा रहे थे। इसी दौरान डीहअसरफाबाद बाजार के पास अनियंत्रित ई-रिक्शा से ऑटो रिक्शा की भिड़ंत हो गई। घटना के बाद दोनों वाहन सड़क के किनारे पलट गए। आनन- फानन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकलां ले गए। जहां अन्य घायलों का उपचार करने के बाद गंभीर रूप से जख्मी दलसिंगार और उर्मिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उपचार के लिए दोनों को जौनपुर जिला अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान दलसिंगार की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल उर्मिला का इलाज चल रहा है। दलसिंगार की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले के संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां त्रिवेणी सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

सी-विजिल एप पर करें निर्वाचन की शिकायतें

जौनपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्तर्गत ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा।

अब प्राचीन अवशेषों में मिल रहे हैं माइक्रोप्लास्टिक

लंदन। ब्रिटेन में यॉर्क विवि के प्रकाशित शोध में ऐतिहासिक मिट्टी के नमूनों में पहली बार माइक्रोप्लास्टिक मिले, जिससे पुरातात्विक अवशेषों को संरक्षित करने के तरीके में बदलाव आ सकता है। शोधकर्ताओं ने सात मीटर (23 फीट) से अधिक जमीन के नीचे मिट्टी के भंडार में माइक्रोप्लास्टिक्स पाए, जो पहली या दूसरी शताब्दी ईस्वी में जमा हुए थे और 1980 के दशक में खुदाई की गई थी। इससे पुरातत्वविदों द्वारा अवशेषों को संरक्षित करने के तरीके को बदल सकती है।

कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवा खाने से एक मृत, 75 बीमार

टोक्यो। जापान में प्रमुख दवा कंपनी कोबायाशी फार्मास्युटिकल्स की कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने वाली रेड यीस्ट राइस गोलियां खाने से एक व्यक्ति की मौत और कई लोगों के बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती होने की रिपोर्ट है। कंपनी ने बताया कि यह दवा लेने के बाद करीब 76 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन दवाओं को कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिये लिया जाता है। मामला सामने आते ही कंपनी ने पिछले सप्ताह पांच उत्पाद बाजार से वापस ले लिये।

मुख्तार अंसारी से मिलने जेल पहुंची बहू निखत

बांदा। यूपी के बांदा मंडल कारागार की तन्हाई बैरक में बंद पूर्वांचल का माफिया और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी बहू और ढाई साल के पोते से मुलाकात के दौरान फफक पड़ा। मैनुअल के तहत आधे घंटे की मुलाकात कराई गई। पिछले एक साल में मुख्तार की परिजनों से मुलाकात का यह पहला मौका था। पोते को देखते ही मुख्तार ने उसे अपने सीने से लगा लिया। सोमवार दोपहर मुख्तार की बहू निखत अपने ढाई साल के बेटे अजहर और एक वकील के साथ जेल पहुंची।

गुर्जर समुदाय को पीएम मोदी ने सम्मान दिया: जितेंद्र

जम्मू। केंद्रीय मंत्री और उधमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अतीत में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने वोट बैंक हितों के लिए गुर्जर समुदाय का शोषण किया था। लेकिन आजादी के बाद यह पहली बार है, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनाव लड़ने के लिए राजनीतिक आरक्षण प्रदान करके जम्मू-कश्मीर में गुज्जर समुदाय को राजनीतिक स्थिति के साथ प्राथमिकता दी है और उन्हें समाज के किसी भी अन्य वर्ग के समान महत्व देकर सम्मान भी दिया है।

आरक्षण के खिलाफ याचिका करेगा दायर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने आरक्षण कोटा 70 प्रतिशत तक बढ़ाने के सरकार के कदम के खिलाफ चिंता जाहिर करते हुए कहा कि छात्र संघ ने 'मनमाने आरक्षण' के खिलाफ याचिका दायर करने का फैसला किया है। जम्मू-कश्मीर के छात्रों की सुरक्षा और कल्याण के लिए काम करने वाला सबसे बड़ा देशव्यापी छात्र नेटवर्क होने का दावा करने वाली एसोसिएशन ने कहा कि 70 प्रतिशत आरक्षण कोटा लागू करना मौलिक अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है।

असांजे की अंतिम प्रत्यर्पण अपील पर टाला निर्णय

लंदन। एक ब्रिटिश अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि विकीलीक्स के संस्थापक की आंशिक जीत में, जूलियन असांजे को जासूसी के आरोप में तुरंत संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट के दो जजों ने कहा कि वे असांजे को एक नई अपील की अनुमति देंगे, जब तक कि अमेरिकी अधिकारी इस बारे में और आश्वासन नहीं देते कि उनके साथ क्या होगा। इस फैसले का मतलब है कि कानूनी गाथा, जो एक दशक से अधिक समय से चली आ रही है, जारी रहेगी।

अयोध्या में रामलला ने भी खूब खेली होली

अयोध्या के राम मंदिर में लाखों की संख्या में प्रतिदिन भक्तों को आना सतत जारी है। सदियों बाद उनके जन्मस्थल पर भव्य राम मंदिर में पहली बार होली मनाई गई। श्री राम जन्म भूमि मंदिर में रंगोत्सव की कई तस्वीरें सामने आई। रंगोत्सव पर भगवान श्री रामलला को गुलाल भी लगाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री स्मृति बोलीं-जयराम रमेश गांधी परिवार के दरबारी

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप किये जा रहे हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यह आरोप लगाने के लिए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की आलोचना की है कि भाजपा सरकार के नारी शक्ति के नारे वास्तविक कार्रवाई के बिना सिर्फ शब्द बनकर रह गए हैं।

महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर केंद्र सरकार की कांग्रेस की आलोचना पर हमला करते हुए, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में जयराम रमेश को गांधी परिवार का दरबारी करार दिया।

स्मृति ने कहा, बहुत लंबे समय से वंशवादी शासक भारत के असली उत्तराधिकारियों ने इसकी संपत्ति लूट ली है। उनके पतन के बाद भी, उनके दरबारियों ने महिलाओं के कल्याण के लिए भाजपा सरकार के प्रयासों को कमजोर करने के लिए तथ्यों को विकृत करना और आंकड़ों में हेरफेर करना जारी रखा है। कांग्रेस के आरोप के बाद, स्मृति ईरानी ने एक्स पर एक लंबा-चौड़ा मैसेज पोस्ट किया, जिसमें कहा, जब मूर्ख दूसरे को मूर्ख बनाने की कोशिश करते हैं, तो वे वास्तव में दर्शाते हैं कि कि वे कितने मूर्ख हैं। एक दरबारी ने अनजाने में स्पष्ट अक्षमता को उजागर कर दिया है। बौद्धिकता की आड़ में उनके गुमराह प्रयासों के परिणामस्वरूप महिला और बाल विकास मंत्रालय की भूमिका और जनादेश की शर्मनाक गलत व्याख्या हुई है।

क्या कहा था जयराम ने

सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पिछले 10 वर्षों में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पर भारी विफलताओं का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जून 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनने से महिलाओं के लिए 10 साल का अन्याय खत्म हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 वर्षों से डब्ल्यूसीडी मंत्रालय ने केवल अक्षमता, उदासीनता और महिला विरोधी मानसिकता देखी है।

भाजपा सांसद दिलीप घोष की ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी

पहले तय करे, उनके पिता कौन हैं, किसी की बेटी होना ठीक नहीं

● नई दिल्ली

भाजप नेता और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत पर विवादित टिप्पणी का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अपमानजनक टिप्पणी की गई है। बंगाल की बर्धमान-दुर्गापुर सीट से बीजेपी उम्मीदवार दिलीप घोष ममता बनर्जी पर निशाना साधने के दौरान विवादित टिप्पणी कर दिए। दिलीप घोष ने कहा, 'बांग्ला को अपना भतीजा चाहिए। बिहार से, उत्तर प्रदेश से, दीदी ने गोवा जाकर कहा, मैं गोवा की लड़की हूं। त्रिपुरा गई और कहा कि मैं त्रिपुरा की लड़की हूं। वो पहले ये फैसला ले लें कि उनके पिता कौन है। किसी की बेटी होना ठीक नहीं है।

दिलीप घोष की टिप्पणी पर चुनाव आयोग ने रिपोर्ट मांगी

दिलीप घोष इस बयान के बाद टीएमसी के निशाने पर आ गए। प. बंगाल सरकार में मंत्री शशि पांजा ने कहा, दिलीप और बीजेपी को नहीं पता कि महिलाओं का सम्मान कैसे किया जाए। ममता के इस अपमान का जवाब दिया जाना चाहिए। दिलीप घोष बीजेपी की संस्कृति का नमूना हैं। वहीं दिलीप घोष की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर चुनाव आयोग ने पश्चिम बर्धमान के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। बर्धमान-दुर्गापुर संसदीय सीट से भाजपा से लोस चुनाव लड़ रहे दिलीप घोष पर टीएमसी ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी से इस बारे में रिपोर्ट मांगी गई है, जिसे केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। टीएमसी नेताओं के मुताबिक , दिलीप घोष ने सुबह की सैर के दौरान उपरोक्त टिप्पणा की थी। पश्चिम बर्धमान जिला टीमसी के अध्यक्ष नरेंद्र नाथ चक्रवर्ती ने घोष के बयान की निंदा करते हुए कहा कि शुभेंदु अधिकारी की वजह से दिलीप मेदिनीपुर से यहां आए हैं। वो ऐसी ऊटपटांग टिप्पणियों से अपने लिए माहौल बनाना चाहते हैं।

सुप्रिया श्रीनेत भी विवादों में

इससे पहले कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से बीजेपी उम्मीदवार कंगना रनौत पर विवादित टिप्पणी की गई। मामला चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने आयोग को एक पत्र लिखकर सुप्रिया श्रीनेत के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी पर कंगना रनौत ने मंगलवार को कहा कि प्रत्येक महिला, चाहे उसकी पृष्ठभूमि तथा पेशा कुछ भी हो, वह सम्मान की हकदार है। उन्होंने कहा कि वह खासतौर से मंडी को लेकर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों से आहत हैं जहां से वह भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। कंगना रनौत ने कहा कि मंडी को दुनियाभर में अक्सर छोटा काशी कहा जाता है।

पाक में आत्मघाती हमला 5 चीनी नागरिकों की मौत

विस्फोटकों से भरे वाहन ने गाड़ी में टक्कर मारी, गाड़ी खाई में गिरी

नई दिल्ली। पाक के खैबर पख्तूनख्वा में हुए एक आत्मघाती हमले में 5 चीनी इंजीनियरों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। पाकिस्तान के मीडिया हाउस जियो न्यूज के मुताबिक हमला मंगलवार को उस वक्त हुआ जब चीन के इंजीनियरों की गाड़ी बेशम शहर से गुजर रही थी। इसी दौरान विस्फोटकों से भरे आतंकियों के वाहन ने इंजीनियरों की गाड़ी में टक्कर मार दी। मरने वाले लोगों में एक महिला इंजीनियर भी शामिल है। इससे पहले आतंकी देर रात बलूचिस्तान में पाकिस्तान के दूसरे सबसे बड़े नेवल बेस में घुस गए थे। इसमें एक सैनिक की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने 4 आतंकियों को मार गिराया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नौसेना के अड्डे से आतंकियों को निकालने के लिए 8 घंटों तक ऑपरेशन चला। इस दौरान बेस वॉर जोन में बदल गया। सोशल मीडिया पर कई वायरल वीडियो में नेवल बेस पर सेना के हेलिकॉप्टर उड़ते दिखाई दे रहे थे। मरे हुए आतंकियों के पास से बड़ी तादाद में विस्फोटक और हथियार मिले हैं। हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। बीएलए ने दावा किया है कि चीन के निवेश के खिलाफ उसके लड़ाके बलूचिस्तान के तुरबत शहर में स्थित नेवल बेस में घुसे।

वॉशिंग मशीन में भरी थी नोटों की गड्डियां

ईडी की छापेमारी में 2.54 करोड़ रुपए बरामद

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। ईडी ने विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि कुछ संस्थाएं बड़े पैमाने पर भारत के बाहर विदेशी मुद्रा भेजने में शामिल हैं। इसके आधार पर मामले की जांच शुरू करते हुए कुछ कंपनियों पर विभाग की टीम ने छापेमारी की। तलाशी में 2.54 करोड़ रुपये जब्त किए हैं, जिसमें से कुल रकम का एक बड़ा हिस्सा वॉशिंग मशीन में छिपाया गया था।

छापेमारी की ये कार्रवाई दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कुरूक्षेत्र और कोलकाता में की गई. ईडी की टीम ने मेसर्स कैप्रिकोर्नियन शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्रा. लि. और इसके निदेशक विजय कुमार शुक्ला और संजय गोस्वामी के यहां फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। साथ ही उनसे संबंधित संस्थाओं मेसर्स लक्ष्मीटन मैरीटाइम, मै. हिंदुस्तान इं., मै. राजनंदिनी मेटल्स लि., मै. स्टवार्ट अलॉयज इंडिया प्रा. लि., मैसर्स भाग्यनगर लि., मै. विनायक स्टील्स लि., मैसर्स वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. और उनके निदेशक-साझेदार संदीप गर्ग, विनोद केडिया के यहां तलाशी ली गई। ईडी ने जांच में पाया कि सिंगापुर की गैलेक्सी शिपिंग एंड प्रा. लि., और होराइजन शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्रा. लि., को 1800 करोड़ की संदिग्ध राशि भेजी गई।

केटीआर ने कहा-भाजपा को सिर्फ क्षेत्रीय नेता रोक सकते हैं

हैदराबाद। लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा को हराने का दम नहीं है, केवल क्षेत्रीय पार्टियां ही ऐसा कर सकती है। रामा राव ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव के पास ही भाजपा को हराने का साहस है। हैदराबाद में पार्टी की बैठक के दौरान रामा राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भाजपा का मुकाबला करने की अपनी ताकत और ऊर्जा खो दी है।

कांग्रेस के पास भाजपा को रोकने का साहस नहीं

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा, केसीआर, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे क्षेत्रीय नेता के पास भाजपा को हराने का साहस है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस उतनी ताकतवर नहीं है। आज अगर आप देखें तो केवल क्षेत्रीय पार्टियों के नेता ही भाजपा को रोकने का दम रखते हैं।

अधीर ने वरुण गांधी को दिया कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर

पीलीभीत/नई दिल्ली, भाजपा की पांचवीं सूची में पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी का टिकट कट गया है। पार्टी ने उनकी जगह उप्र सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। इस पर अब पश्चिम बंगाल की बेहरामपुर सीट से कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर दिया है। उन्होंने कहा, वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। अगर वह कांग्रेस में आते हैं तो हमें खुशी होगी। वरुण गांधी एक कद्दावर और बेहद काबिल नेता हैं। उन्होंने कहा कि उनका गांधी परिवार से संबंध है इसलिए बीजेपी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। हम चाहते हैं कि अब वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो जाएं।

पीलीभीत से टिकट कटने के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी का अगला कदम क्या होगा? क्या वह कांग्रेस या किसी अन्य पार्टी में शामिल होंगे या निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों की मानें तो वरुण अब पीलीभीत से चुनाव नहीं लड़ेंगे।

कर्नाटक में भारी पड़ सकती है भाजपा की आपसी लड़ाई

कुछ सीटों को लेकर जेडीएस से मतभेद

बेंगलुरु। भाजपा-जेडीएस का कर्नाटक की 28 लोस सीटों पर गठबंधन है। भाजपा वोक्कालिगा बेल्ट में 25 और जेडीएस 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वोक्कालिगा बहुल इन सीटों पर भाजपा की पकड़ कमजोर है।

कुछ सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर भाजपा में ही मतभेद हैं, जिसका नुकसान पार्टी के 370 सीटों के लक्ष्य पर पड़ सकता है। क्योंकि, पीएम मोदी ने इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 पार सीटों का लक्ष्य रखा है। भाजपा की सबसे बड़ी दुविधा दक्षिणी कर्नाटक के चिकबल्लापुर में है। यहां भाजपा उम्मीदवार पर अंर्तकलह पैदा हो गई है। सोमवार को पार्टी ने बोम्मई सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर को चिकबल्लापुर से उम्मीदवार घोषित किया। सुधाकर को उम्मीदवार बनाए जाने से येलहंका विधायक एसआर विश्वनाथ ने नाखुशी जाहिर की है। वरिष्ठ नेता व पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा को राज्य में चुनाव पूर्व पार्टी में असंतोष को काबू पाना खासी चुनौती बन रहा है।

सत्ता में आते ही रोजगार क्रांति लाएंगे: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि केंद्र में पार्टी की सरकार बनने पर युवा न्याय के तहत सबके लिए अवसर उपलब्ध कराके देश में रोजगार क्रांति लाई जाएगी। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'नरेंद्र मोदी जी, क्या आपके पास रोजगार के लिये कोई योजना थी भी। यही सवाल आज हर युवा की जुबान पर है। गली-गली, गांव गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है-आखिर हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था। कांग्रेस ने युवा न्याय के तहत रोजगार क्रांति का संकल्प लिया है।

॥आज का इतिहास॥

- **1668:** इंग्लैंड के शासक चार्ल्स द्वितीय ने बांबे (अब मुम्बई) को ईस्ट इंडिया कंपनी के हवाले किया।
- **1721:** स्पेन और फ्रांस ने मैड्रिड समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **1794:** अमेरिका कांग्रेस ने नौसेना की स्थापना की मंजूरी दी।
- **1841:** पहले स्टीम फायर इंजन का सफल परीक्षण न्यूयॉर्क में किया गया।
- **1855:** अब्राहम गेस्नर ने केरोसिन (मिट्टी के तेल) का पेटेंट लिया।
- **1871:** रम्बी का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया।
- **1898:** भारत के मुसलमानों के लिए आधुनिक शिक्षा की शुरुआत करने वाले सर सैयद अहमद खान

Filmi तड़का

प्रियंका-निक ने मालती संग भारत में मनाई होली

नई दिल्ली। इस साल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने बेटी मालती मैरी के साथ भारत में होली मनाई। कपल ने चोपड़ा परिवार के साथ पूरा दिन बिताया, जिन्होंने उनके लिए एक होली पार्टी होस्ट की। प्रियंका की मां मधु चोपड़ा, चचेरी बहन मन्नारा चोपड़ा और भाई सिद्धार्थ चोपड़ा भी इस रंगारंग जश्न का हिस्सा थे। निक, प्रियंका और मालती सभी सफेद आउटफिट में ट्विनिंग करते नजर आए। होली पार्टी का आयोजन चोपड़ा परिवार द्वारा किया गया। पार्टी में बेटी मालती भी अपने माता-पिता के साथ आईं। पार्टी से निक जोनस-प्रियंका चोपड़ा की तस्वीरें सामने आई हैं। निक जोनास ने अन्य लोगों के साथ गुलाल' में रंगे हुए तस्वीर खिंचवाई। प्रियंका और निक दोनों ने इस दिन के लिए सफेद आउटफिट चुना था।

तापसी की शादी के बाद पहली तस्वीर होली के रंग से माथे पर लगाया सिंदूर

उदयपुर। तापसी पन्नू अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर इस समय सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनको लेकर जानकारी है कि उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड माथियास बो से उदयपुर में शादी कर ली है। हालांकि, अभी तक तापसी पन्नू की ओर से इस पर कुछ नहीं कहा गया है।

अब शादी की खबरों के बाद तापसी पन्नू की पहली तस्वीर सामने आई है। जिसे उनकी बहन शगुन पन्नू ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, 'हमारी तो होली' ये एक ग्रुप फोटो है। इस फोटो में तापसी पन्नू होली के रंग में रंगी हुई नजर आ रही हैं। वहीं उनकी मांग में सिंदूर लगा दिखाई दे रहा है। शादी के बाद तापसी की ये पहली फोटो सामने आई है। इस फोटो में तापसी पन्नू और माथियास बो के साथ उनकी बहन शगुन पन्नू, उनके करीबी दोस्त और फैमिली के लोग भी नजर आ रहे हैं। इस फोटो पर लोगों के कमेंट आने भी शुरू हो गए हैं। सब कमेंट में यही सवाल पूछ रहे हैं कि क्या माथे पर लगा रंग सिंदूर है? बीते 23 मार्च से तापसी पन्नू की शादी की खबरें चल रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि, उन्होंने माथियास बो संग शादी कर ली है। माथियास बो उनके लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड हैं। दोनों एक-दूसरे को करीब 10 साल से डेट कर रहे हैं।

रामकृष्ण मिशन के स्वामी स्मरणानंद का हुआ निधन

पीएम ने दी श्रद्धांजलि

कोलकाता। यहां स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार की रात 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष का निधन वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण हुआ है। मिशन ने अपने एक बयान में कहा, वह 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे। जानकारी के मुताबिक, स्वामी को कई दिनों से यूरिन संबंधी समस्या आ रही थी, जिसका इलाज चल रहा था। बयान में आगे कहा गया कि रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के परम पूज्य अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंदजी महाराज ने मंगलवार रात 8.14 बजे महासमाधि ले ली। स्वामी को यूरिन के संक्रमण के कारण 29 जनवरी को रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसकी वजह से उन्हें 3 मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया था।

पीएम मोदी ने एक्स पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के श्रद्धेय अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज ने अपना जीवन आध्यात्मिकता और सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अनगिनत दिलों और दिमागों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी करुणा और बुद्धिमत्ता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।सालों से मेरा उनसे बहुत घनिष्ठ संबंध रहा है।

संक्षिप्त खबरें

वार्नर ने करार को बढ़ाया

नई दिल्ली। वार्नर म्यूजिक इंडिया ने जेटिसंथेसिस की संगीत और मनोरंजन सहायक कंपनी ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाया। दोनों कंपनियों ने वर्ष 2021 में वितरण के लिए एक सौदा किया था, लेकिन इस नए समझौते के अंतर्गत वार्नर म्यूजिक ने जीएमजे में एक रणनीतिक निवेश किया। इस निवेश के बाद वार्नर म्यूजिक इंडिया ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के बोर्ड में शामिल हुआ। यह जानकारी वार्नर म्यूजिक के प्रेसीडेंट इमर्जिंग मार्केट्स अल्फोंसो पेरेज सोटो, जेटिसंथेसिस के सीईओ एवं फाउंडर, राजन नवानी, ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के के सीईओ राजमुकार सिंह और वार्नर म्यूजिक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, जय मेहता ने दी।

वूमेन्स हेल्थ अलायंस

नई दिल्ली। द यूनाइटेड एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलेपमेंट और कलेक्टिव गुड फ़ाउंडेशन की साझेदारी में वूमेन्स हेल्थ ऐंड लाइवलीहुड अलायंस लांच किया गया है । ग्लोबल हेल्थ के सहायक प्रशासक डा.अतुल गवांडे ने कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य देश भर के वंचित व पिछड़े समुदायों से ताल्लुक रखने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके आर्थिक उत्थान के अंतर्सबंधों को रेखांकित करते हुए महिलाओं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाना, महिलाओं को यौन व प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां, सेवाएं व तमाम उत्पाद मुहैया कराना और उनका सशक्तिकरण करना है।

यूजी प्रोग्राम जल्द बंद होंगे

नई दिल्ली। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स की व्यापक रेंज के लिए आवेदन अवधि समाप्त करने जा रही है। छात्र तीन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से इन प्रोग्रामों में प्रवेश ले सकते हैं। सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट, सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट, और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेन्स एक्ज़ाम। इन तीनों परीक्षाओं के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 12 अप्रैल 2024 है। प्रवेश परीक्षा देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ड मोड में होगी, यह परीक्षा 1 घण्टे तक 5 मई 2024 और 11 मई 2024 को होगी।

फेडरल बैंक की नई शाखा

मलप्पुरम (केरल)। निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने मलप्पुरम जिले के तनूर में राज्य की अपनी 600वीं शाखा खोली है। बैंक की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तनूर ब्लॉक पंचायत अध्यक्ष के. सलामथ ने हाल ही में नई शाखा का उद्घाटन किया। फेडरल बैंक की कार्यकारी निदेशक शालिनी वारियर ने इस मौके पर कहा कि प्रबंधन को केरल में 600 शाखाओं की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की खुशी है। उन्होंने कहा, 'तनूर की शाखा फेड-ई-स्टूडियो के जरिए प्रदान की जाने वाली हमारी प्रमुख डिजिटल क्षमताओं से लैस है।'(एजेंसियां)

अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए रिजर्व बैंक के कदमों को एसएंडपी ने सराहा

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्तीय क्षेत्र में संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता में सुधार के लिए गंभीर प्रतिबद्धता दिखा रहा है और उसके उपाय बैंकों को अधिक मजबूत और पारदर्शी बना रहे हैं। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एस एंड पी गलोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

रिजर्व बैंक के हाल के उपाय वित्तीय संस्थानों के अति-उत्साह को कम करेंगे, नियमों के अनुपालन की संस्कृति को बढ़ाएंगे और ग्राहकों के हितों की रक्षा करेंगे। हालांकि, इससे संस्थानों के लिए पूंजी लागत भी बढ़ेगी।

आरबीआई के उपायों में आईआईएफएल फाइनेंस लि. और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लि. को क्रमशः स्वर्ण कर्ज और शेयरों के बदले ऋण देने से रोकना शामिल है। इसके अलावा, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को नए ग्राहकों को जोड़ने से भी मना किया है।

एसएंडपी के अनुसार, आरबीआई ने बार-बार तकनीकी गड़बड़ी के बाद दिसम्बर, 2020 में एचडीएफसी बैंक को नए क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को लेने से रोका था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ये कदम नियमों के उल्लंघनों को लेकर लगाए जाने वाले नाममात्र के वित्तीय जुर्माने से अलग हैं।

एसएंडपी ग्लोबल क्रेडिट विश्लेषक गीता चुघ ने कहा, 'आरबीआई ने वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने की अपनी



प्रतिबद्धता को दिखाया है। हालांकि, इन नियामकीय उपायों को लेकर जोखिम भी है। इससे वृद्धि बाधित हो सकती है और वित्तीय संस्थानों के लिए पूंजी की लागत बढ़ सकती है।'

एसएंडपी के अनुसार, आरबीआई नियमों का अनुपालन नहीं होने, ग्राहक शिकायतों, आंकड़ों की गोपनीयता, कामकाज, अपने ग्राहक को जानों (केवाईसी) और मनी-लांन्ड्रिंग निरोधक मुद्दों को लेकर ज्यादा सख्त है।

चुघ ने कहा, 'देश में वित्तीय क्षेत्र के लिए संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता प्रमुख कमजोरियां रही हैं। आरबीआई के नये उपाय अधिक मजबूत और पारदर्शी वित्तीय प्रणाली बना रहे हैं।' आरबीआई ने सार्वजनिक रूप से उन प्रमुख मुद्दों का खुलासा करने का निर्णय लिया है जो संबंधित संस्थाओं के खिलाफ निलंबन या अन्य सख्त कार्रवाई का कारण बनते हैं।

केंद्रीय बैंक उन गतिविधियों की निंदा करने में भी अधिक मुखर हो गया है जिन्हें वह ग्राहकों और निवेशकों के हितों के लिए नुकसानदायक मानता है।

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी

कोलंबो (भाषा)।

श्रीलंका की दिवालिया हो चुकी अर्थव्यवस्था ने 2023 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 4.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी।

नकदी संकट से जूझ रही अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर लगातार छह तिमाहियों में नकारात्मक रहने के बाद 2023 की चौथी तिमाही में सकारात्मक हुई है। कोलंबो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सालाना बदलाव के आधार पर मापी गई मुद्रास्फीति जनवरी में 6.4 प्रतिशत से घटकर फरवरी में 5.9 प्रतिशत रह गई। फरवरी, 2024 के अंत तक सकल आधिकारिक भंडार बढ़कर 4.5 अरब अमेरिकी डालर हो गया।

इरडा ने पालिसी वापसी शुल्क से जुड़े नियम बदले

नई दिल्ली (भाषा)।

बीमा नियामक इरडा ने विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है। इसमें बीमा पालिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे शुल्कों का खुलासा पहले ही करना होता है।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बयान में कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते है। इसमें पालिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है।

इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बीमाकर्ता प्रभावी निगरानी और उचित जांच-परख के लिए ठोस गतिविधियों को अपनाएं। ये नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते है कि यदि पालिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि जिस पालिसी को चौथे से

सातवें वर्ष तक वापस किया जाता है, उनके वापसी मूल्य में मामूली वृद्धि हो सकती है।

बीमा में वापसी मूल्य से तात्पर्य बीमा कंपनियों के पालिसीधारक को उसकी परिपक्वता तिथि से पहले पालिसी समाप्त करने पर भुगतान की गई राशि से है। यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी अवधि के दौरान 'सरेंडर' करता है, तो उसे कमाई और बचत हिस्से का भुगतान किया जाता है। इरडा ने 19 मार्च को हुई अपनी बैठक में बीमा क्षेत्र के लिए नियामकीय ढांचे की व्यापक समीक्षा के बाद आठ सिद्धांत-आधारित एकीकृत नियमों को मंजूरी दी।

इन नियमों में पालिसीधारकों के हितों की रक्षा, ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र की जिम्मेदारियां, इलेक्ट्रानिक बीमा बाजार, बीमा उत्पाद और विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं के संचालन के साथ-साथ पंजीकरण, बीमा जोखिम और प्रीमियम के मूल्यांकन, वित्त, निवेश तथा कंपनी संचालन के पहलू जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल है। इरडा ने बयान में कहा, 'यह नियामकीय व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें 34 नियमों को छह नियमों के साथ बदला गया है। साथ ही नियामकीय परिदृश्य में स्पष्टता को लेकर दो नये नियम लाए गए है। इसमें कहा गया है कि बीमा उद्योग, विशेषज्ञों और जनता सहित विभिन्न संबद्ध पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद यह कदम उठाया गया है।

जीएम के संस्थापक निदेशक टी.एन. सुब्रमण्यम का निधन

न्यूयार्क (भाषा)।

भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ एवं जनरल मोटर्स के संस्थापक व निदेशक डा. टी. एन. सुब्रमण्यम का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।

सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका में बस गए थे। वह भारत और अमेरिका में अकादमिक हलकों में काफी प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय माडल व सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए है। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय माडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों तथा जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

सुब्रमण्यम ने अमेरिका में ट्रॉय (मिशिगन) में जनरल मोटर्स की साइट के सर्वर का आकार दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी देश की अपनी एक यात्रा के दौरान उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी और उनके काम की सराहना की थी। सुब्रमण्यम के परिवार में उनकी पत्नी, बेटी और दामाद है। उनके दामाद अमेरिका के मेरीलैंड राज्य में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के लिए काम करते है। सुब्रमण्यम के परिवार में उनके इकलौते छोटे भाई टी. एन. अशोक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के पूर्व संपादक (इकनॉमिक्स) रह चुके है।

एलआईसी दुनिया का सबसे मजबूत बीमा ब्रांड

नई दिल्ली (भाषा)।

बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) विश्वस्तर पर सबसे मजबूत बीमा ब्रांड के रूप में उभरी है। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100, 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी का ब्रांड मूल्य 9.8 अरब अमेरिकी डालर पर स्थिर बना हुआ है। साथ ही ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स स्कोर 88.3 और संबद्ध एएए ब्रांड स्ट्रेंथ रेटिंग भी है।

ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस के बयान के अनुसार, एलआईसी के बाद सूची में कैथे लाइफ इंश्योरेंस को दूसरे सबसे मजबूत ब्रांड के रूप में दर्शाया गया है। कैथे लाइफ इंश्योरेंस का ब्रांड मूल्य नौ प्रतिशत बढ़कर 4.9 अरब डालर हो गया है। इसके बाद एनआरएमए इंश्योरेंस है, जिसका ब्रांड मूल्य 82 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब डालर हो गया है। बयान के अनुसार, चीन के बीमा ब्रांड ने वैश्विक रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। पिंग एन ब्रांड मूल्य में चार प्रतिशत की वृद्धि के साथ 33.6 अरब डालर के साथ अग्रणी है। इसके बाद चाइना लाइफ इंश्योरेंस और सीपीआईसी क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर है।

इसके अतिरिक्त, एलआईसी इंडिया ने वित्त वर्ष 2022-23 में 39,090 करोड़ रुपये का उच्चतम पहले वर्ष का प्रीमियम संग्रह हासिल किया, जबकि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने क्रमशः 15,197 करोड़ रुपये और 10,970 करोड़ रु पये का नया प्रीमियम संग्रह हासिल कर निजी क्षेत्र का नेतृत्व किया।

सरकार ने अगस्त, 2022 से प्रभावी एलआईसी कर्मचारियों के लिए 17 प्रतिशत वेतन संशोधन को मंजूरी दी थी जिससे 1,10,000 से अधिक कर्मचारियों को लाभ हुआ। एलआईसी के शेयर भी 1,175 रु पये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जिससे यह भारत की सबसे मूल्यवान सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) बन गई और बाजार मूल्यांकन में एसबीआई को पछाड़कर पांचवीं सबसे मूल्यवान भारतीय सूचीबद्ध कंपनी के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली।

लक्जरी घरों की बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)। बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रु पये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे।

जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल है। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल है। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं है। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा, '2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।'

पिज़्ज़ा हट का बेस्टसैलर 'मैल्ट्स' भारत में लॉन्च

नई दिल्ली (वि.)। पिज़्ज़ा ब्रांड ने अपने बेस्टसैलर 'मैल्ट्स' को अब भारत में लॉन्च किया है। इसके साथ ही भारतीय बाजार में इस ब्रांड ने एक नई श्रेणी में कदम रख दिया है। तेज रफ्तार ज़िंदगी जीने वालों के लिए मैल्ट्स उचित पेशकश है, इसे किसी भी समय कहीं भी खाया जा सकता है। क्रिस्पी, चीज़ी और लोडेड यह नया मैल्ट्स थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट से बना है जो स्वादिष्ट फिलिंग और सॉस से भरपूर है। इसमें पिघला हुआ 100 प्रतिशत मॉज़रेला चीज़ है। इसे उम्दा ढंग से बेक किया गया है। मैल्ट्स को भारतीय स्वाद के मुताबिक तैयार किया गया है। इसमें 6 स्वादिष्ट प्रकार प्रस्तुत किए गए है : लोडेड वैजी बीबीक्यू, लोडेड चिकन बीबीक्यू, चीज़ी चीज़, चीज़ी चीज़ चिकन, मैजिकल मखनी पनीर और चिकन टिक्का और कीमा सुप्रीम।

एल्युमीनियम फॉयल के आयात की डंपिंग रोधी जांच

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत ने घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद खाद्य उत्पादों के लिए पैकेजिंग सामग्री के रूप में इस्तेमाल होने वाले एल्युमीनियम फॉयल के चीन से आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है।



वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) एल्यूमीनियम फॉयल की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, श्री वेंकटेश्वर इलेक्ट्रोकास्ट, रवि राज फॉयल्स, जीएलएस फॉयल्स प्रोडक्ट और एलएसकेबी एल्युमीनियम फॉयल्स ने जांच की मांग करते हुए घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन दायर किया था। उन्होंने चीन से उत्पाद की डंपिंग का आरोप लगाया है। निदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि आवेदकों ने आयात के कारण घरेलू उद्योग को हुए नुकसान के संबंध में प्रथम दृष्टया साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं।

अधिसूचना के अनुसार इसलिए प्राधिकरण कथित डंपिंग और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुई क्षति की डंपिंग रोधी जांच शुरू करता है।'

डंपिंग से घरेलू कंपनियों को नुकसान होने की पुष्टि पर डीजीटीआर आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। शुल्क लगाने का अंतिम फैसला वित्त मंत्रालय द्वारा लिया जाता है।

सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान हुआ है या नहीं यह निर्धारित करने के लिए किसी देश द्वारा डंपिंग रोधी जांच की जाती है।

विप्रो जीई 8000 करोड़ निवेश करेगी

नई दिल्ली (भाषा)। विप्रो जीई हेल्थकेयर ने स्थानीय विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ाने के लिए अगले पांच वर्षों में भारत में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की मंगलवार को जानकारी दी। अग्रणी वैश्विक मेडटेक (चिकित्सकीय प्रौद्योगिकी), फार्मास्युटिकल डायग्नोस्टिक्स और डिजिटल समाधान प्रदाता कंपनी ने कहा कि निवेश के एक हिस्से के रूप में इसका 'मेड इन इंडिया' पीईटी सीटी डिस्कवरी आईक्यू स्कैनर 15 देशों में निर्यात किया जाएगा।



बयान के अनुसार, इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर उत्पादित रिवोल्यूशन एस्पायर सीटी, रेवोल्यूशन एसीटी और एमआर ब्रेस्ट कॉइल्स का निर्माण "दुनियाभर के लिए भारत में" किया जाएगा। विप्रो जीई हेल्थकेयर के चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवा उद्योग में पुनरुत्थान के मार्ग पर है और मेडटेक क्षेत्र का तेजी से विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मेक इन इंडिया' (भारत निर्मित) के साथ हम देश के विनिर्माण क्षेत्र का तेजी से विस्तार देख रहे हैं, जिससे दुनिया के मेडटेक (चिकित्सकीय प्रौद्योगिकी) हब के रूप में भारत की क्षमता मजबूत हो रही है।'

प्रेमजी ने कहा, 'विप्रो जीई हेल्थकेयर तीन दशकों से अधिक समय से इस स्थानीयकरण यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

गिफ्ट सिटी में अमेरिकी डालर सावधि जमा की डिजिटल सेवा शुरू

एक्सिस बैंक ने गुजरात के गिफ्ट सिटी स्थित आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) में एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल अमेरिकी डालर सावधि जमा (एफडी) शुरू करने की घोषणा की।

बैंक ने एक बयान में कहा कि इसके साथ एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी डिपाजिट के लिए डिजिटल यात्रा की पेशकश करने वाला पहला बैंक बन गया है। बैंक के एनआरआई ग्राहक अब 'ओपन बाय एक्सिस बैंक' (ऋणदाता का मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन) के जरिए गिफ्ट सिटी में अमेरिकी डॉलर सावधि जमा खोल सकते हैं।

एपीवाई में हैं ग्राहकों के सर्वोत्तम हित : निर्मला

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) बेहतर व्यवहार विकल्प के आधार पर डिजायन की गई है और यह न्यूनतम आठ प्रतिशत रिटर्न की गारंटी देती है।

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अटल पेंशन योजना को सर्वोत्तम विकल्प के आधार पर डिजायन किया गया है ताकि ग्राहक द्वारा विकल्प नहीं चुनने तक स्वचालित रूप से प्रीमियम भुगतान जारी रहे। यह एक सुविचारित और लाभकारी सुविधा है जो ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में है।' उन्होंने कहा कि लोगों को हर साल योजना जारी रखने का निर्णय लेने के बजाय, छोड़ने का निर्णय लेना होगा, इससे उनमें से कई लोग सही निर्णय लेते हैं और अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करते हैं।

इससे पहले कांग्रेस ने अटल पेंशन योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि यह एक 'बहुत खराब तरीके से डिजायन की गई योजना' और 'कागजी शेर' है जिसके लिए अधिकारियों को लोगों को धोखा देने और इसमें भाग लेने के लिए मजबूर करना पड़ता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह योजना 'मोदी सरकार की हेडलाइन प्रबंधन की नीति की तरह है और बहुत कम लोगों को वास्तविक रूप से इसका लाभ मिल रहा है।

उनका हमला एक मीडिया रिपोर्ट के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि असंगठित क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना (एपीवाई) से बाहर निकलने वाले तीन ग्राहकों में से कम से कम एक ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उनके खाते उनकी 'स्पष्ट' अनुमति के बिना खोले गए थे। रिपोर्ट में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के हालिया नमूना अध्ययन का हवाला दिया गया है। रमेश पर हमला करते हुए सीतारमण ने कहा कि उन्होंने गारंटीकृत पेंशन योजना पर तथ्यों की जांच करने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा, 'मौजूदा ब्याज दरों और रिटर्न की परवाह किए बिना एपीवाई के तहत न्यूनतम रिटर्न भारत सरकार द्वारा कम से कम आठ प्रतिशत होने की गारंटी है। यह एक आकर्षक गारंटी वाला न्यूनतम रिटर्न है।'

बकाया के निपटान के लिए स्पाइसजेट का एक्सपोर्ट डेवलपमेंट से करार

मुंबई (भाषा)।

एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने 9.01 करोड़ डालर (755 करोड़ रुपये) की देनदारी के निपटान के लिए एक्सपोर्ट डेवलपमेंट कनाडा (ईडीसी) के साथ समझौता किया है। एयरलाइन ने 2011 में 15 विमानों की खरीद के लिए कर्ज लिया था। यह बकाया उसी से जुड़ा है।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को बयान में कहा कि समझौते की शर्तें एयरलाइन को प्रमुख देनदारियों के निपटान में मददगार होंगी। इससे एयरलाइन का बहीखाता मजबूत होगा। समझौते के तहत स्पाइसजेट एक्सपोर्ट डेवलपमेंट कनाडा द्वारा वित्तपोषित 13 क्यू400 विमानों का पूर्ण स्वामित्व हासिल करेगी। इससे एयरलाइन की परिचालन क्षमता और बेड़े की प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी। स्पाइसजेट करीब 9.01 करोड़ डालर की बकाया देनदारियों के निपटान के लिए एक व्यापक निपटान राशि का भुगतान करेगी।

इसमें कहा गया है कि इस समझौते से स्पाइसजेट को 6.83 करोड़ डालर (567 करोड़ रुपये) की बचत होगी। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, 'हम ईडीसी के साथ समझौते पर पहुंच गए हैं। इस महत्वपूर्ण कदम से हमें अपने बहीखाते को मजबूत करने में मदद मिलेगी।'एयरलाइन ने कहा कि कुल विमानों में से बारह क्यू400 वर्तमान में बंद हैं। उनके नवीनीकरण और सेवा में वापसी से स्पाइसजेट को मदद मिलेगी।

97 नए अफसरों की नियुक्ति जल्द करेगा सेबी

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस साल विभिन्न विभागों में 97 अधिकारियों की भर्ती करने के लिए आवेदन मांगे हैं। पूंजी बाजार नियामक ने इससे पहले पिछले साल जून में 25 वरिष्ठ पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे थे।

सेबी ने इसी महीने जारी सार्वजनिक अधिसूचना में भारतीय नागरिकों से सामान्य, विधि, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल, अनुसंधान और आधिकारिक भाग खंड के लिए वर्ग ए (सहायक प्रबंधक) अधिकारी के पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन मांगे हैं। सेबी सामान्य खंड में 62, सूचना प्रौद्योगिकी में 24, विधि टीम में पांच और इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल, अनुसंधान और आधिकारिक भाषा विभागों में दो-दो पद पर नियुक्ति करेगा।

सेबी की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, चयन तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में आनलाइन परीक्षा होगी जिसमें दो प्रश्न-पत्र होंगे। इस चरण में चुने गए उम्मीदवार दूसरे चरण के लिए उपस्थित होंगे। यह आनलाइन परीक्षाओं में भी होगा, जिसमें दो प्रश्न-पत्र होंगे। दूसरे चरण में चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

सेबी पिछले कुछ साल से अपने कर्मचारियों की संख्या बढा रहा है। जुलाई, 2022 में नियामक ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में 24 वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। जनवरी, 2021 में, बाजार नियामक ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए 120 अधिकारी ग्रेड ए (सहायक प्रबंधक) की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे।

मार्च, 2020 में नियामक ने 147 वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और लगभग 1.4 लाख लोगों ने इन पदों के लिए आवेदन किया था। सेबी का गठन 1988 में किया गया था।

शिवम का तूफानी अर्धशतक चेन्नई की लगातार दूसरी जीत

गुजरात टाइटंस 63 रन से हारा, रचिन और ऋतुराज ने भी खेली तूफानी पारी

● चेन्नई /

शिवम दुबे 51 रनों की अर्धशतकीय तथा रचिन रविंद्र और ऋतुराज गायकवाड की 46-46 रनों की शानदार आतिशी पारी और उसके बाद गेंदबाज के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सातवें मैच में गुजरात टाइटंस को 63 रनों से हराया। इस जीत के साथ चेन्नई सपुर किंग्स की टीम तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। 207 रनों के विशाल रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 55 रन के स्कोर पर अपने शीर्ष तीन विकेट गंवा दिये थे। कप्तान शुभमन गिल आठ रन, ऋद्धिमान साहा 21 रन और विजय शंकर 12 रन बनाकर आउट हुये। उसके बाद साई सुदर्शन ने डेविड मिलर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। मिलर 21 रन और सुदर्शन 37 रन बना कर आउट हुये। अजमतउल्लाह उमरजई 11 रन और राशिद खान एक बनाकर पवेलियन लौट गये। राहुल तेवतिया ने छह रन बनाये। उमेश यादव 10 रन और स्पेंसर जॉनसन पांच रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से दीपक चाहर, मुस्तफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। डैरिल मिचेल और मथीशा पथिराना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले चेपॉक में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 62 रन जोड़ते हुए टीम के लिए अच्छी शुरुआत की। पहले विकेट के रूप में रचिन रविंद्र को राशिद ने साहा के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेजा। रचिन ने 20 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 46 रनों की आतिशी पारी खेली। ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाये। शिवम दुबे ने 23 गेंदों में दो चौके और पांच छक्कों की मदद से 51 रन ठोके।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स	रन	गेंद	4	6
गायकवाड़ कै. साहा बो. जॉनसन	46	36	5	1
रचिन स्टं. साहा बो. राशिद	46	20	6	3
रहाणे स्टं. साहा बो. किशोर	12	12	0	0
शिवम दुबे कै. शंकर बो. राशिद	51	23	2	5
डैरिल मिचेल रन आउट	24	20	2	0
समीर कै. मिलर बो. मोहित	14	6	0	2
रवींद्र जडेजा नाबाद	07	3	1	0

अतिरिक्त: 6, **कुल**: 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन, **विकेट पतन**: 1-62, 2-104, 3-127, 4-184, 5-199, 6-206, **गेंदबाजी**: अजमतउल्लाह उमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1.

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4	6
साहा कै. तुषार बो. चाहर	21	17	4	0
शुभमन गिल पगबाधा चाहर	08	5	0	1
साई सुदर्शन कै. रिजवी बो. पथिराना	37	31	3	0
विजय शंकर कै. धोनी बो. मिचेल	12	12	0	1
डेविड मिलर कै. रहाणे बो. तुषार	21	16	3	0
उमरजई कै. रविंद्र बो. तुषार	11	10	1	0
तेवतिया कै. रविंद्र बो. मुस्तफिजुर	06	11	1	0
राशिद खान कै. रविंद्र बो. मुस्तफिजुर	01	2	0	0
उमेश यादव नाबाद	10	11	0	1
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	05	5	1	0

अतिरिक्त: 11, **कुल**: 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन, **विकेट पतन**: 1-28, 2-34, 3-55, 4-96 , 5-114, 6-118, 7-121, 8-129, **गेंदबाजी**: दीपक चाहर 4-0-28-2, मुस्तफजुर रहमान 4-0-30-2, तुषार देशपांडे 4-0-21-2, रवींद्र जडेजा 2-0-15-0, डैरिल मिचेल 2-0-18-1, मथीशा पथिराना 4-0-29-1.

8 अप्रैल को चेन्नई और कोलकाता मैच से शुरुआत, मोहाली को 4 और मैच मिले

आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल जारी

एलिमिनेटर मैच 22 मई को अहमदाबाद स्टेडियम में खेला जाएगा, फाइनल 26 मई को चेपॉक मैदान पर

● मुंबई /

बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के दूसरे फेज का शेड्यूल सोमवार (25 मार्च) को जारी कर दिया। इसे पहले लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से रोका गया था। बोर्ड ने बताया कि लीग के मौजूदा सीजन के सेकेंड फेज की शुरुआत 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच नाइट मैच से होगी।

यह मुकाबला चेन्नई के होमग्राउंड चेपॉक मैदान पर खेला जाएगा। इस सीजन का फाइनल 26 मई को चेन्नई में खेला जाएगा। आईपीएल की आयोजन समिति ने 22 फरवरी को शुरुआती दो हफ्तों के लिए 21 मैचों का शेड्यूल जारी किया था। तब लोकसभा चुनाव के कारण शेष मुकाबलों का शेड्यूल जारी नहीं किया गया था। 25 मार्च को दूसरे फेज का शेड्यूल जारी हुआ। आईपीएल के पिछले सीजन का खिताब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता था। टीम ने अहमदाबाद में फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया था। चेन्नई और मुबई ने इस टूर्नामेंट में 5-5 खिताब जीते हैं। मोहाली में बने पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के महाराजा यादविंदर सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मुल्लापुर को दूसरे आईपीएल के शेड्यूल में 4 मैच मिले हैं। यह मैच 9 अप्रैल, 13 अप्रैल, 18 अप्रैल और 21 अप्रैल को खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम यह मैच सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और गुजरात की टीम के साथ खेलेगी। यह सभी मैच शाम को 7.30 बजे खेले जाएंगे।

आईपीएल के पहले शेड्यूल में मोहाली के स्टेडियम को सिर्फ एक मैच मिला था। यह मैच 23 मार्च को दोपहर 3.30 बजे दिल्ली की टीम के साथ खेला गया। इसमें पंजाब की टीम विजयी रही थी। यह पंजाब की टीम का पहला मैच था। मोहाली के इसी स्टेडियम से पंजाब की टीम ने आईपीएल में जीत से आगाज किया।

21 मई से शुरू होंगे प्लेऑफ

आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के मुकाबलों की शुरुआत 21 मई से होगी। पहला क्वालिफायर 21 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। वहीं, एलिमिनेटर मैच 22 मई को इसी मैदान पर खेला जाएगा। जबकि दूसरा क्वॉलिफायर 24 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जाएगा। इसके बाद फाइनल मैच 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर ही होगा।

चुनाव के चलते दो चरणों में जारी किया गया शेड्यूल

बता दें कि देश में 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में आयोजित होने जा रहे लोकसभा चुनाव के चलते आईपीएल का शेड्यूल दो चरणों में जारी किया गया है। लोकसभा चुनाव देश भर में 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले सिर्फ एक बार 2009 में पूरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था जबकि 2014 में आम चुनाव के कारण स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में लीग का आयोजिन किया गया था।

क्वालीफायर 1
21 मई अहमदाबाद, शाम 7.30 बजे

एलिमिनेटर
22 मई, अहमदाबाद, शाम 7.30 बजे

क्वालीफायर 2
24 मई, चेन्नई, शाम 7.30 बजे

फाइनल
26 मई, चेन्नई, शाम 7.30 बजे

आईपीएल 2024 के बाकी बचे 53 मैचों का शेड्यूल

मुकाबला	तिथि	स्थान	समय
सीएसके बनाम केकेआर	8 अप्रैल	चेन्नई	शाम 7.30 बजे
पंजाब किंग्स बनाम एसआरएच	9 अप्रैल	मोहाली	शाम 7.30 बजे
आरआर बनाम जीटी	10 अप्रैल	जयपुर	शाम 7.30 बजे
एमआई बनाम आरसीबी	11 अप्रैल	मुंबई	शाम 7.30 बजे
एलएसजी बनाम डीसी	12 अप्रैल	लखनऊ	शाम 7.30 बजे
पंजाब किंग्स बनाम आरआर	13 अप्रैल	मोहाली	शाम 7.30 बजे
केकेआर बनाम एलएसजी	14 अप्रैल	कोलकाता	दोपहर 3.30 बजे
एमआई बनाम सीएसके	14 अप्रैल	मुंबई	शाम 7.30 बजे
आरसीबी बनाम एसआरएच	15 अप्रैल	बेंगलुरु	शाम 7.30 बजे
जीटी बनाम डीसी	16 अप्रैल	अहमदाबाद	शाम 7.30 बजे
केकेआर बनाम आरआर	17 अप्रैल	कोलकाता	शाम 7.30 बजे
पंजाब किंग्स बनाम एमआई	18 अप्रैल	मुल्लनपुर	शाम 7.30 बजे
एलएसजी बनाम सीएसके	19 अप्रैल	लखनऊ	शाम 7.30 बजे
डीसी बनाम एसआरएच	20 अप्रैल	दिल्ली	शाम 7.30 बजे
केकेआर बनाम आरसीबी	21 अप्रैल	कोलकाता	दोपहर 3.30 बजे
पंजाब किंग्स बनाम जीटी	21 अप्रैल	मुल्लनपुर	शाम 7.30 बजे
आरआर बनाम एमआई	22 अप्रैल	जयपुर	शाम 7.30 बजे
सीएसके बनाम एलएसजी	23 अप्रैल	चेन्नई	शाम 7.30 बजे
डीसी बनाम जीटी	24 अप्रैल	दिल्ली	शाम 7.30 बजे
एसआरएच बनाम आरसीबी	25 अप्रैल	हैदराबाद	शाम 7.30 बजे
केकेआर बनाम पंजाब किंग्स	26 अप्रैल	कोलकाता	शाम 7.30 बजे
डीसी बनाम एमआई	27 अप्रैल	दिल्ली	दोपहर 3.30 बजे
एलएसजी बनाम आरआर	27 अप्रैल	लखनऊ	शाम 7.30 बजे
जीटी बनाम आरसीबी	28 अप्रैल	अहमदाबाद	दोपहर 3.30 बजे
सीएसके बनाम एसआरएच	28 अप्रैल	चेन्नई	शाम 7.30 बजे
केकेआर बनाम डीसी	29 अप्रैल	कोलकाता	शाम 7.30 बजे
एलएसजी बनाम एमआई	30 अप्रैल	लखनऊ	शाम 7.30 बजे
सीएसके बनाम पंजाब किंग्स	1 मई	चेन्नई	शाम 7.30 बजे
एसआरएच बनाम आरआर	2 मई	हैदराबाद	शाम 7.30 बजे
एमआई बनाम केकेआर	3 मई	मुंबई	शाम 7.30 बजे
आरसीबी बनाम जीटी	4 मई	बेंगलुरु	शाम 7.30 बजे
पंजाब किंग्स बनाम सीएसके	5 मई	धर्मशाला	दोपहर 3.30 बजे
एलएसजी बनाम केकेआर	5 मई	लखनऊ	शाम 7.30 बजे
एमआई बनाम एसआरएच	6 मई	मुंबई	शाम 7.30 बजे
डीसी बनाम आरआर	7 मई	दिल्ली	शाम 7.30 बजे
एसआरएच बनाम एलएसजी	8 मई	हैदराबाद	शाम 7.30 बजे
पीबीकेएस बनाम आरसीबी	9 मई	धर्मशाला	शाम 7.30 बजे
जीटी बनाम सीएसके	10 मई	अहमदाबाद	शाम 7.30 बजे
केकेआर बनाम एमआई	11 मई	कोलकाता	शाम 7.30 बजे
सीएसके बनाम आरआर	12 मई	चेन्नई	दोपहर 3.30 बजे
आरसीबी बनाम डीसी	12 मई	बेंगलुरु	शाम 7.30 बजे
जीटी बनाम केकेआर	13 मई	अहमदाबाद	शाम 7.30 बजे
डीसी वीएस एलएसजी	14 मई	दिल्ली	शाम 7.30 बजे
आरआर बनाम पंजाब किंग्स	15 मई	गुवाहाटी	शाम 7.30 बजे
एसआरएच बनाम जीटी	16 मई	हैदराबाद	शाम 7.30 बजे
एमआई बनाम एलएसजी	17 मई	मुंबई	शाम 7.30 बजे
आरसीबी बनाम सीएसके	18 मई	बेंगलुरु	शाम 7.30 बजे
एसआरएच बनाम पंजाब किंग्स	19 मई	हैदराबाद	दोपहर 3.30 बजे
आरआर बनाम केकेआर	19 मई	गुवाहाटी	शाम 7.30 बजे

नेशनल विंटर आइस स्टॉक में मध्यप्रदेश ने जीते 8 स्वर्ण

भोपाल, (खेप्र)। कश्मीर के गुलमर्ग में हाल ही में आयोजित 10वें नेशनल विंटर आइस स्टॉक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत प्रतियोगिता मे 8 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 9 कांस्य पदक कुल 23 पदक अर्जित किए। जूनियर बालिका टीम मे सुप्रिया प्रजापति, इशिका नानकर, हिमानी मालवीय एवं रिधिमा पवार ने टीम टारगेट इवेंट तथा टीम गेम में गोल्ड मेडल एंव टीम डिस्टेंस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इंडिविजुअल टारगेट इवेंट में सुप्रिया ने कांस्य पदक एवं इंडिविजुअल डिस्टेंस में इशिका ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, यूथ बाल टीम में राहिल खान, जीशान अहमद, भव्य डोंगरे, मिस्बाह अहमद ने टीम डिस्टेंस एवं टीम गेम में कांस्य पदक अर्जित किया। मध्यप्रदेश आइस स्टॉक टीम का कोच बैतूल की शबाना खान को नियुक्त किया गया था। मध्यप्रदेश आइस स्टॉक टीम में सीहोर, बैतूल, भोपाल, बीना के खिलाड़ी शामिल थे। सभी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर डॉ. अनुपम चौकसे, अध्यक्ष आइस स्टॉक स्पोर्ट एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं संयुक्त सचिव आइस स्टॉक स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, प्रोफेसर डॉ. एन.के. थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक राय डीन एडमिनिस्ट्रेशन एलएनसीटी, पंकज जैन सचिव आइस स्टॉक स्पोर्ट एसोसिएशन मध्यप्रदेश अबरार अहमद शेख डायरेक्टर आइस स्टॉक,मोहम्मद जुबेर ट्रेजरार ने शुभकामनाएं दी।

भोपाल की पूनम लगातार 11वीं बार नेशनल चैम्पियन बनी

भोपाल, खेप्र। राजधानी भोपाल की विक्रम अवार्डी शटलर पूनम तत्ववादी ने लगातार 11वीं बार मास्टर्स नेशनल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है। पंचकुला (हरियाणा) में सम्पन्न 46वीं मास्टर्स नेशनल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में पूनम ने 55 वर्ग में एकल व युगल खिताब जीते। महिला 55 वर्ग के एकल फाइनल में शीर्ष वरीयताधारी पूनम ने छत्तीसगढ की संगीता राजगोपालन को 18-21, 21-16 (रिटायर्ड) से हराकर लगातार 11वीं बार एकल खिताब अपने नाम किया। इसके पहले पूनम 40. वर्ग में एक, 45. वर्ग में लगातार पॉच तथा 50 वर्ग में 5 बार नेशनल चैम्पियन बनी हैं। 55 वर्ग के युगल वर्ग में पूनम ने संगीता राजगोपालन के साथ मिलकर बलविंदर कौर सापरा-सुजेन की जोडी को सीधे गेमों में 21-11, 21-11 से पराजित कर दोहरी सफलता अर्जित की। उल्लेखनीय है कि भोपाल की पूनम तत्ववादी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी हैं। वे तीन बार वर्ल्ड मास्टर्स बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में कॉस्य पदक जीत चुकी हैं।

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा पर्थ टेस्ट से होगा शुरू

पहला टेस्ट 22 नवंबर से, 7 जनवरी तक चलेगी सीरीज, आखिरी मैच सिडनी में

● नई दिल्ली

टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया गया। टीम 5 टेस्ट खेलेगी। पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होगा।

टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने कंगारुओं को उन्हीं के घर में 2 बार और अपने घर में भी 2 बार हराया है। हर बार जीत का अंतर 2-1 से भारत के पक्ष में रहा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को 2024-25 सीजन का शेड्यूल जारी किया। 22 नवंबर को पर्थ में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेला जाएगा। फिर ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से तीसरा टेस्ट और मेलबर्न में 26 दिसंबर से चौथा टेस्ट होगा। आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2025 से सिडनी में खेला जाएगा। भारत के अलावा पाकिस्तान टीम भी 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी।

वार्षिक पुरस्कार के नामांकित हॉकी खिलाड़ियों की सूची जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। हॉकी इंडिया ने 31 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार समारोह के छठे संस्करण के लिए नामांकित किए खिलाड़ियों और अधिकारियों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी की है। इस पुरस्कार समारोह में कुल 7.56 करोड़ रुपये के पुरस्कार दिये जायेंगे। समारोह में वर्ष 2023 के दौरान भारतीय हॉकी में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। इन पुरस्कारों के लिए आठ श्रेणियों में कुल 32 व्यक्तियों के नाम का चयन किया गया है। हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 के लिए नामांकित व्यक्ति इस प्रकार हैं :- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार मोहित एच.एस, पीआर श्रीजेश, सविता और कृष्ण बहादुर पाठक प्रत्येक को पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार के लिए दीप ग्रेस एक्का, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंहऔर उदिता प्रत्येक को पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार के तहत सलीमा टेटे, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और नवनीत कौर को प्रत्येक को पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार के तहत वंदना कटारिया, अभिषेक, सुखजीत सिंह और मनदीप सिंह प्रत्येक को पांच लाख रुपये का पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

शाकिब की बंगलादेश की टेस्ट टीम में एक साल बाद हुई वापसी

ढाका (वार्ता)। बंगलादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को एक साल बाद 30 मार्च से चटगांव में शुरू होने वाले श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। शाकिब को तौहीद हृदय की जगह टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं, चोटिल मुस्फिक हसन के स्थान पर हसन महमूद भी टीम में आए हैं। उल्लेखनीय है कि शाकिब ने इससे पहले अप्रैल 2023 में टेस्ट मैच खेला था। इसके बाद आंख की समस्या के कारण वह टेस्ट क्रिकेट से दूर हो गए थे। हालांकि इस दौरान वह लगातार सफेद गेंद की क्रिकेट खेल रहे थे।

एलेक्जेंड्रोवा मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में

मियामी (वार्ता)। रूस की टेनिस खिलाड़ी एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा ने मियामी ओपन राउंड ऑफ 16 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की नंबर एक पोलैंड की इगा स्वीएटेक को हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सोमवार को खेले गये मुकाबले में एलेक्जेंड्रोवा ने पोलैंड की खिलाड़ी स्वीएटेक को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत के साथ ही अलेक्जेंड्रोवा टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

इंटरव्यू

आरसीबी के कप्तान बोले- अचीवमेंट नहीं, टीम की जीत के लिए खेलता हूं, मुझमें काफी खेल बाकी

विराट बोले, मुझे टी-20 प्रमोशन के लिए करते हैं इस्तेमाल

● नई दिल्ली/

पंजाब किंग्स से मैच जीतने के बाद बेंगलुरु के ओपनर विराट कोहली ने कहा कि उनमें काफी टी-20 क्रिकेट बाकी है। कोहली ने कहा कि उनके नाम का इस्तेमाल टी-20 क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए किया जा रहा है, लेकिन उनमें काफी खेल बाकी है। वह अब आंकड़े और अचीवमेंट्स नहीं, टीम की जीत के लिए खेल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ विराट ने 77 रन की पारी खेली और टीम को 177 रन का टारगेट चेज करवाया। कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे और ऑरेंज कैप भी हासिल की। विराट ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, ओवर एक्साइटेड न होना, अभी बस 2 ही मैच हुए हैं। लोग स्टैट्स और अचीवमेंट्स की बातें करते हैं, लेकिन आखिर में यादें ही बाकी रह जाती हैं।

टी-20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय बने विराट : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2024 के छठे मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 4 विकेट से हराया। विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में अपना 51वां अर्धशतक जमाया। वे आईपीएल में 50 से ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बैटर और पहले भारतीय बने। विराट टी-20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय भी बन गए। उन्होंने सुरेश रैना को पीछे किया। अर्धशतकों के मामले में विराट से ज्यादा 61 फिफ्टी ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने लगाई हैं। भारतीयों में विराट टॉप पर हैं, उनके बाद शिखर धवन ने 50 अर्धशतक लगाए हैं। विराट कोहली के टी-20 क्रिकेट में 100 बार फिफ्टी प्लस स्कोर हो गए। वे ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बने। दुनिया में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 455 इनिंग्स में 110 बार 50+ स्कोर बनाया है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर हैं। विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय प्लेयर बन गए।

पिछले 2 माह नॉर्मल महसूस किया

विराट से पूछा गया कि क्रिकेट से दूर फैमिली के साथ पिछले 2 महीनों के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे। इस पर कोहली ने कहा, हम देश में नहीं थे, हम ऐसी जगह थे, जहां लोग हमें पहचानते नहीं थे। परिवार के साथ मैंने उस वक्त को दिल खोलकर जिया, हम आम आदमी की तरह सड़कों पर घूम रहे थे। 2 महीने तक मैंने नॉर्मल महसूस किया। परिवार के रूप में यह अनुभव अच्छा रहा। परिवार के साथ, 2 बच्चों के साथ चीजें पूरी तरह से बदल जाती हैं।

2 माह में फैंस का शोर भूल गया था

विराट ने आगे कहा, ब्रेक के बाद जब घर लौटा और मैदान पर उतरा तो फैंस के शोर से चौंक गया। पिछले 2 महीने की शांति में इस आदत को मैं पूरी तरह से भूलने लगा था, लेकिन वापस लौटा तो समझा यह अनुभव भी जीवन का अहम हिस्सा है। हर्षा भोगले ने विराट को टूर्नामेंट का टॉप रन स्कोरर बनने के लिए ऑरेंज कैप दी। साथ ही कहा कि इस कैप को पहने रखिएगा, आप पर अच्छी लगती है। इस पर विराट बोले, मैं अब कैप, अचीवमेंट और आंकड़ों के लिए नहीं खेल रहा।

नाम प्रमोशन के साथ जुड़ालेकिन मुझमें टी-20 बाकी है

विराट ने कहा, मैं जानता हूं कि दुनिया में मेरा नाम अब टी-20 क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए जोड़ा जाने लगा है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा खेल अब भी बाकी है। मैं अब भी मैच जिता सकता हूं। मैं कवर ड्राइव को गैप में अच्छे से खेलता हूं, लेकिन रबाडा और अर्शदीप मुझे आसानी से इस शॉट को खेलने नहीं देंगे। इनके सामने बाउंड्री ढूंढनी पड़ती है, इसलिए आगे निकलकर इनसाइड आउट शॉट खेलना बेहतर ऑप्शन है।

खरी खरी

■ मनीषा

जायज हक व रिश्तों में दरारें

इस दरम्यान कई दफा गांव जाना हुआ। कई औरतों से मिली। ढेरों बातें कीं। उनके मन को खंगाला। उनके सपनों, हौंसलों, विश्वास, कुंठाओं और मन की किरचियों को करीब से देखने का मौका मिला। सादी सी ये औरतें सतायी जा रही हैं। उनके साथ गैरबराबरी का बर्ताव हो रहा है। वे निरंतर एक युद्ध लड़ रही हैं। उनके समक्ष कोई रास्ता नहीं है, फिर भी वे चल रही हैं। पांव में जूतियां नहीं हैं, सिर पर छतरी नहीं। बस लंबे सफर पर चलती ही जा रही हैं। एक युवती सुधा, जो अपनी ननिहाल में आ बसी। बच्चों के साथ। उनका बेहतर भविष्य बनाने के लिए। उसकी ससुराल सौ किलोमीटर दूर है। उसने बताया, वहां छोटा सा कच्चा घर है। आदमी तीन भाई हैं इसलिए उस पर सब का हिस्सा है। उसकी मां को कोई भाई नहीं था। इसलिए दो बहनों को आधा-आधा घर और खेती मिल गयी। कुछ बकरियां और गाय भी थी। नानी के कच्चे घर को उसने धीरे-धीरे पक्का कर लिया। ईंट की दीवारें और पक्की छत के साथ सीमेंट की जमीन। घर को प्लास्टर कराने की ख्वाहिश है। मगर बच्चे करीब के प्राइवेट स्कूल में पढते हैं। जिसकी फीस बहुत है। यह रकम चुकाने के लिए उसने ब्याज पर पैसा उठाया और भैंस खरीदी। सारा दिन भैंस और बकरियों के पीछे भागती है। भैंस के दूध के अच्छे पैसे मिल जाते हैं। मेरे पूछने पर कि तुम खेती खुद करती हो। वह शरमाई। काफी हद तक। भाड़े पर मजदूर लेकर काम कराती ह। सुधा हिम्मती युवती है। उसके पांव सख्त हो चुके हैं और हथेलियों पर ठट्ठे हैं। जो उसके संघर्ष की गाथा चीख-चीख कर सुना रहे हैं। हम उसके लिए उपहारस्वरूप साड़ी ले गये थे। उसे लेते हुए उसकी मुस्कान चौड़ी हो गयी। तपाक से बोली, अगली बार से सलवार सूट लाना, अब हम साड़ी नहीं पहनते। अहसास हुआ, सारा दिन खतों-पगडंडियों में घूमती/भागती वह साड़ी लपेटे कहां फिरेगी। हालांकि उस गांव की औरतें साडी ही पहनती हैं, उस पर घूंघट भी। चूंकि यह उसकी मां का मायका है, इसलिए उसे यह छूट है। अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए वह कड़ी मशक्कत कर रही है। कभी-कभार पति आ भी जाता है परंतु कोई आर्थिक मदद नहीं करता। वह कहती है, जो कमाता है, सब नशे में उड़ा देता है। उसकी बारह साल की बच्ची पुलिस में शामलि होने को उतावली है। ताकि उसकी मां गांव में शान से जी सके।

बिखरे बालों वाली, डेढ बलिस्त ऊंची बैंगनी रंग की नायलॉन की साड़ी बांधे नन्हीं हमारे पास बैठी थी। गांव भर के परिवारों के बारे में उसकी मालुमात सटीक थी। साइज जीरो को भी मात देने वाली नन्हीं कड़ी दूप में गलियों-गलियों फिरते हुए बिल्कुल स्याह पड़ चुकी है। वह सिलसिलेवार हर बन्दे के बारे में बता रही थी। उनके स्वभाव व चरित्र समेत। स्पष्टवादी उस अधेड़ा के लिए अन्य जनानियों ने दबे शब्दों में बताया कि वह परित्यक्ता है। करीब के गांव में उसका ब्याह सालों पहले हुआ था। बच्चे न होने के आरोप मढते हुए ससुरालियों ने निकाल बाहर किया। यह गांव उसकी पीहर है। उसने हमसे प्रधान की शिकायत की। सरकारी नियमानुसार जिला/तहसील द्वारा सरकारी योजनाओं के अनुरूप ग्राम समाज की जमीनें गरीबों व जरूरतमंदों को दे रहा है। मैंने पूछा, रहती कहां है और खाती कैसे है। क्योंकि उसके भाई वगैरह शहरों/कस्बों में बस चुके हैं। उसने बताया, मेहनत/मजूरी से कमाती है। काम न मिले तो मांग कर खाती है। अन्य ग्रामीण औरतों ने उंगली उठाते हुए खेतों के पार उसका घर बताया। पक्का घर। बगैर प्लास्टर वाला। काफी बड़ा। मैंने कुतुहल से पूछा इतना बड़ा घर है तो कहां फिरती रहती हो। नन्हीं ने अपने जर्दा/तंबाकू खाये दांतों से खींसें निपोरते हुए बताया, घर में तो ताले पड़े हैं भाइयों के। वह तो बस दालान यानी ओसारे में रह सकती है। भाइयों की खेती भी है। जिसमें उसका कोई हिस्सा नहीं। यह पुश्तैनी खेती की जमीन है, जिसमें गेहूं, दालें व चावल के साथ सरसों भी उपजती है। अपने ही खेतों में मजदूरी करने वाली यह स्त्री नहीं जानती कि उस जमीन पर उसका भी हक है। सरकार तो कानून बना कर सो गयी। कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले सरकारी दफ्तरों में फटी-पुरानी फाइलें लिये घोटाले कर रहे हैं। नन्हीं को पगलिया/ सिर्री या नशेड़ी कहने वाले ग्रामीण इतने सख्त दिल कैसे हैं। कैसे इस प्रधान की आंखों में धूल ही धूल पड़ी है। दस्तावेजों में नाम चढाने वाले क्यों नहीं तवज्जों देते ऐसी औरतों को। फिर कहते हैं, स्त्रीवादियों के दिमाग में खुड़ है। जब हम स्त्रीविमर्श करते हैं। स्त्रीवाद की किसी भी तरह बात उठाते हैं तो हमारा तात्पर्य पुरुषों को नीचा दिखाने नहीं होता। ना ही उनकी तौहीन करना होता है। हम सिर्फ आईना दिखा रहे होते हैं। और बताते हैं कि वे पीढियों से किस कदर खांटी विचारधारा के संक्रमण की गिरफ्त में हैं। उन्हें अपनी कॉलर में झांकना सीखना होगा। बच्चा जनने में असमर्थ स्त्री इतनी असहाय कैसे हो सकती है। यह उसका चुनाव नहीं है। अपनी कोख सूनी रखने का निर्णय उसने नहीं लिया। जिसकी सजा वह उम्र भर भुगतेगी। जिसमें उसका कोई गुनाह भी नहीं है। औरतों की विवशता का तमाशा बनाने वालों को कोई शर्मिंदगी नहीं होती इन वाकयों पर। सबके सब इस अन्याय पर सुर में सुर मिलाये फिरते हैं। नन्हीं के ये गैरतमंद भाई अगर उसके हिस्से का अनाज ही देने को राजी हो जाएं। घर भले ही उसके नाम ना करें पर सिर्फ कोठरी भर जगह सिर छिपाने को दे दें तो ईमान तो रह जाएगा।

पुश्तैनी जमीन-जायदाद हो या जरूरतमन्द बेटियों का हक, उसे मारने वाले पुरुष खुद को भद्र बताते हैं। वे बहनों की अनदेखी ही नहीं करते हैं, बल्कि उनके दिमागों में यह भी ठूंसते हैं कि वे इसकी हकदार ही नहीं। यही कारण है कि आम औरत यह मान लेती है कि भाइयों का हिस्सा बंटाना नाशुक्री है। जबकि वह भाइयों का हिस्सा नहीं है, वह बाप-दादाओं की चीज है, जिसमें सभी संतानों का बराबरी से हक है। कुतर्क कर हक हथिया लेना कि मां-बाप के बुढापे का सहारा बेटे होते हैं। बिल्कुल वाहियात है। क्योंकि यदि तुम्हारी बीवी को भी उसके मायके से हक मिलेगा। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह संपत्ति को संतानों में बांटे। ना कि बेटा-बेटी के नाम पर। दूसरे, जैसे बाप का नाम लिखना बेटों के लिए अनिवार्य है। ठीक वैसे ही बच्चों का नाम भी दर्ज किया जाए दस्तावजों में सभी संतानों के नाम हों। ताकि मृत्यु के उपरांत बेटियों का नाम सिरे से गायब करने की मिली-भगत को बेनकाब किया जा सके। संतानों के नाम में पिता के साथ मां का भी नाम दर्ज हो। जरूरी नहीं कि मां-बाप की निगरानी या तीमारदारी बेटे ही करते रहेंगे। अब बेटियां भी अपना फर्ज निभाने के प्रति सतर्क हो रही हैं। जब तक वे आश्रित थीं, अपढ या अर्धशिक्षित थीं, उनको जहां/जैसे मर्जी ठेला गया। बड़बोली करने व अमानत में खयानत करके अपना लाभ कूतने वाले अहंकारी पुरुषों को यह समझाना मुश्किल है। वे मानते हैं, बेटियों को ब्याह कर पालक अपने फर्ज से मुक्त हो जाते हैं। इसके बाद पति की छत्र-छाया में उन्हें जीना चाहिए। जो अब बीते दिनों की बात हो रही है। हालांकि अभी भी विवाह के बाद बेटी को हिंदू अविभाजित परिवार का हिस्सा नहीं माना जाता। परंतु संपत्ति पर उसका समान अधिकार है। 1956 में संशोधन के बाद बेटियों को पिता का वारिस माना गया। मेरी दादी के पिता के कोई पुत्र नहीं था। मगर अचल संपत्ति काफी थी। उनके अविभाजित परिवार में दादी के चाचा और तयेरे भाई भी शामिल थे। 1950 में दादी के पिता, जो नामी वैद्य व संस्कृत के प्राचार्य थे, की मौत के बाद इन चाचा व ताऊ के बेटों ने कब्जाना चालू कर दिया। जिसे 1960 के बाद अदालती हस्तक्षेप द्वारा जबरन छुड़ाना पड़ा। सुधा जैसी औरतें, जो आज अपनी नानी की संपत्ति पर जायज तरीके से आसरा पा रही हैं। वह कम नहीं है। परंतु अभी भी ढेरों औरतें संकोचवश या रिश्तों में दरारें आने के भय से अपने कानूनन हक का इस्तेमाल करने से कतराती हैं। अगर उनमें से कुछ साहस का परिचय दे रही हैं। बगैर शोर-शराबे के नयी इबारतें रच रही हैं तो उन्हें यह खांटी मर्दवादी समाज बुरी/ झगड़ालू और तेज-तर्रार औरत साबित करने पर अड़ जाता है। ■

बड़बोली करने व अमानत में खयानत करके अपना लाभ कूतने वाले अहंकारी पुरुषों को यह समझाना मुश्किल है। वे मानते हैं, बेटियों को ब्याह कर पालक अपने फर्ज से मुक्त हो जाते हैं। इसके बाद पति की छत्र-छाया में उन्हें जीना चाहिए। जो अब बीते दिनों की बात हो रही है। हालांकि अभी भी विवाह के बाद बेटी को हिंदू अविभाजित परिवार का हिस्सा नहीं माना जाता। परंतु संपत्ति पर उसका समान अधिकार है। 1956 में संशोधन के बाद बेटियों को पिता का वारिस माना गया।

यही है जिंदगी

■ क्षमा शर्मा

बड़ी उम्र में माता-पिता बनना

पंजाब के मशहूर गायक की हत्या कर दी गई थी। अब उनकी मां ने आईवीएफ की मदद से अट्ठावन साल की उम्र में बच्चे को जन्म दिया है। सरकार ने इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। क्योंकि तमाम तकनीकों का इस्तेमाल करके मां बनने की उम्र कानून में पचास साल तय की गई है। कई साल पहले एक और दम्पत्ति के बारे में पढ़ा था कि उनके इकलौते बेटे की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बेटे की मौत का सदमा इतना गहरा था कि दोनों पति-पत्नी अवसाद में चले गए। फिर इस दुःख से उबरने का तरीका उन्हें नजर आया कि वे एक और बच्चे को जन्म दें। और ऐसा हुआ भी। तब उस उम्रदराज पिता ने यह भी कहा था कि वह समय-समय पर अपने हर तरह के चैकअप कराते रहते है, जिससे बच्चे के लिए जिंदा रह सकें।

एक और महिला के बारे में पढ़ रही थी कि उन्होंने बहत्तर वर्ष की उम्र में बच्चे को जन्म दिया। उनके पति की उम्र और भी ज्यादा है। इस महिला का कहना था कि जीवन भर वह इन तानों को सुन-सुनकर तंग आ गई थी कि वह बांझ है। मां नहीं बन सकती लेकिन अब मां बनकर उसने इस तरह की बातों से छुटकारा पा लिया है। एक समय था जब बच्चे को जन्म देने



के लिए तीस वर्ष की उम्र ज्यादा मानी जाती थी। बीस के दशक में अकसर महिलाएं मां बन जाती थी। क्योंकि शादी भी कम उम्र में हो जाती थी। लेकिन जैसे-जैसे लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त करने लगीं, नौकरी करने लगीं तो विवाह भी देर से होने लगा और मां बनने की उम्र भी बढ़ती चली गई। फिल्मी दुनिया में तो ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद है। बिपाशा बसु ने तेतालीस साल की उम्र में बच्ची को जन्म दिया है। इससे पहले फरहा खान भी इसी उम्र में तीन बच्चों को जन्म दे चुकी है। करीना कपूर भी दूसरी बार इकतालीस साल की उम्र में मां बनीं।

दरअसल बड़ी उम्र में मां बनने की सहूलियत महिलाओं को विज्ञान ने दी है। अब तो जो स्त्रियां अपने काम-काज से समय नहीं निकाल पातीं कि बच्चे को पाल सकें तो वे इसके लिए अपने अंडाणु, अंडाणु बैंक में जमा करा देती है, जिससे बाद में मां बन सकें। आईवीएफ और सरोगेसी जैसी तकनीकें इसमें मददगार है। इनके जरिए तुषार कपूर, करण जौहर, एकता कपूर आदि भी माता-पिता बने है। लेकिन बड़ी उम्र में माता-पिता बनना कोई कम चुनौतीपूर्ण भी नहीं है। बच्चा जब पलेगा, बढ़ेगा तो उसके जीवन की अन्य जरूरतें भी होंगी। उसे हर बात में माता-पिता का सहारा भी चाहिए होगा। मगर जो माता-पिता साठ के दशक में है या सत्तर के दशक में, उनकी शारीरिक क्षमताएं क्या इतनी होंगी कि वे बच्चे के पालने में जो भाग-दौड़ होती है, उसे अपने दम पर निपटा सकें। फिर बच्चे के भविष्य की सुरक्षा का भी सवाल है। जिसे उम्र का चौथापन कहते है, अगर उसमें कोई माता-पिता बन रहा है, तो आखिर वे कब तक इस दुनिया में रहेंगे। कहीं ऐसा तो नहीं होगा कि बच्चा एकदम बिना किसी सहारे के इस दुनिया में जीने को मजबूर हो। पता नहीं क्यों माता-पिता इस ओर ध्यान नहीं देते। वे अपने दुःख और अकेलेपन से निजात पाने के लिए बच्चे के जीवन को संकट में डाल देते है। इस निर्मम दुनिया में बिना किसी सहारे के परिपक्व लोगों का रहना ही मुश्किल है, ऐसे में बच्चे की तो कौन कहे। कुछ दशक पहले तक कई बार नाते-रिश्तेदार ऐसे बच्चों को पाल दिया करते थे लेकिन अब तो ऐसा भी नहीं बचा है। ■

मुगलई दाल

■ अनिता घोष

सामग्री- चना दाल दो कप, बोनलेस चिकन 100 ग्राम, टमाटर 2 कटा हुआ, प्याज 2 बारीक कटा, अदरक लहसुन पेस्ट 2 चम्मच, साबूत जीरा आधा चम्मच, हींग एक चुटकी, लाल मिर्च पाउडर एक चम्मच, हल्दी एक छोटा चम्मच, गरम मसाला एक छोटा चम्मच, कटा हरा धनिया एक चम्मच, नमक स्वादानुसार, घी दो चम्मच।

विधि - सबसे पहले दाल और बोनलेस चिकन को धोकर कुकर में डाल दें। दो कप पानी डाल कर गैस पर कुकर रखें मीडियम आंच पर रखकर 5-6 सीटी लगाएं। गैस बंद कर दे। अब फ्राई पैन में घी डाले। घी गरम होते ही जीरा और हींग को चटकने दें। प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब टमाटर,अदरक लहसुन पेस्ट, हल्दी , गरम मसाला , लाल मिर्च पाउडर डालकर और नमक डालकर 4-5 मिनट तक चलाएं। सारा मसाला अच्छे से भून जाने के बाद कुकर में रखा बोनलेस चिकन के साथ बॉयल किया चना दाल डाल दें। दो कप पानी डाल दे। इसके बाद दाल को खुब खौलाएं और गाढ़ा कीजिए। जब दाल गाढ़ी हो जाए तो गैस बंद कर दें। तैयार हो गया मुगलई दाल। दाल को बाउल में निकाल कर कटे हुए धनिए से गर्निश करके गरमा-गरम सर्व करें।

लेमन राइस

सामग्री- बासमती राइस 500 ग्राम, 2 चम्मच नींबू का रस, कड़ी पत्ता एक चम्मच, हल्दी पाउडर एक चम्मच, कटे हुए बादाम 8-10, किसमिस 10-12, काजू 8-10, राई चुटकी भर, दो लाल मिर्च ,4-5 लौंग, 2 दालचीनी, एक चुटकी सौंफ, 1 बड़ी इलायची, 4-5 छोटी इलायची, 25 ग्राम बटर, नमक स्वादानुसार।

विधि- एक मीडियम साइज के भंगोने में पानी डालकर गरम करने के लिए रखें। जब पानी उबलने लगे तो उसमें चावल धो कर डाल दें। अब उसमें लौंग, दालचीनी, सौंफ, बड़ी इलायची, छोटी इलायची, थोड़ा सा धनिया पत्ता स्वादानुसार नमक डाल दें। थोड़े देर तक चावल को पकने दें। अब एक कढ़ाही में बटर डाल कर राई और लाल मिर्च डाल कर चटकने दें। इसमें बादाम, काजू,किसमिस,करी पत्ता डालकर 2 मिनट तक पकाएं। अब इसमें पका हुआ चावल. हल्दी, नमक, और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिलएं। 5 मिनट तक पकाएं। आपका लेमन राइस तैयार है। गर्मा-गरम सर्व करें।

खजूर बर्फी

सामग्री- एक नारियल कद्दूकस किया हुआ, मावा 200 ग्राम, 10-12 खजूर, कॉर्न फ्लोर एक चम्मच, 2 चम्मच घी, चीनी 3 चम्मच, एक कप दूध, पिस्ता सजाने के लिए।

विधि- कद्दूकस नारियल और खजूर (गुठली निकाल कर) को एक बार मिक्सी में घुमा लें। धीमी आंच पर कढ़ाही को रखें। घी डाल कर गरम करें जब घी गरम हो जाए तब उसमें नारियल और खजूर पेस्ट को डाल कर धीमी आंच पर गाढ़ा होने तक भूनें। कॉर्न फ्लोर मिलाएं। अब दूध मिलाएं। जब मिश्रण थोड़ा पक जाएं तब उसमें चीनी मिलाकर लगातार चलाते रहें। मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक मिश्रण जमने लायक न बन जाए। चिकनाई लगी थाली में मिश्रण को डाल दें। अच्छी तरह फैलाएं। पूरे मिश्रण के उपर कटा हुआ पिस्ता डाल दें। हल्का जमने पर बर्फी के आकर में काट लें। बन गई खजूर बर्फी।

टैरो

ऋचा श्रीवास्तव

(27 मार्च- 2 अप्रैल)

मेष (21मार्च -20अप्रैल)- प्रभाव, करिश्मा और सृजनात्मक प्रवृत्तियां शिखर पर होंगी। व्यापार में लाभ एवं उननित के अवसर प्राप्त होंगे। जीत के पथ पर है। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, साहित्य संगीत में दिलचस्पी का फायदा होगा। स्वस्थ का पूरा ख्याल रखें। पारिवारिक वातावरण सुखद होगा। व्यापार में नयी योजनाएं क्रियान्वित होंगी। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलने के आसार है। पारिवारिक जीवन सुखद होगा।

वृषभ -(21अप्रैल -21मई)- वाद विवाद ना करें, यह सही समय नहीं है। नयी योजनाएं बनायी है और वे कल्पना के अनुसार साथ नहीं आ रही है फिर भी हार न मानें, हर चीज में समय लगता है। यदि कोई अनबन हो गयी है तो दोस्तों या परिवार के बीच पुलों को सुधारने का समय अच्छा है। कठिन संघर्ष है लेकिन सफलता निश्चित है। स्वास्थ के प्रति लापरवाही ना बरतें।

मिथुन (22मई -21जून)- व्यापार से जुड़े सभी कामकाज और निजी रिश्तों में राय जाहरि करने से पहले बुद्धिमत्ता से काम लें। बुद्धिमानी, श्रम और समय से आर्थिक और वित्तीय मामलों को सुलझा लेंगे। व्यावसायिक कौशल की प्रशंसा होगी तो नयी संभावनाएं सामने आएँगी। घर और नौकरी बदलने का विचार किया जा सकता है। रिश्ता सकारात्मक ढंग से बनेगा। प्रकृति के साथ एकांत में समय बिताना राहत देगा।

कर्क (22जून -22जुलाई)- शक्ति से परिचय करवाएगा। आकांक्षाओं को पूरा करने की कोशिश करेंगे। शारीरिक एवं एवं मानिसक तौर पर संतुलित रहने की आवश्यकता है। काम के प्रति सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आध्यात्म में रूचि बढ़ेगी। विवाह का योग बन रहा है। जीवन साथी की भावनाओं को नज़रअंदाज़ ना करें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

सिंह (23जुलाई - 21अगस्त)- खुद को आत्मविश्वास से भरा हुआ पाएंगे। अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें, घर परिवार की किसी उलझन को सुलझाते समय स्वजनों की भावनाओं की अनदेखी ना करें, दाम्पत्य जीवन में मधुरता को बनाये रखने के लिए व्यस्ततम समय में से थोड़ा समय जीवन साथी के लिए भी ज़रूर निकालें। सेहत के प्रति लापरवाही ना बरतें।

कन्या (22अगस्त -23सितम्बर)- कोई उत्सव नयी ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा और रचनात्मक विचार भी देगा। जटिल और मुश्किल प्रोजेक्ट में शानदार और नए विचारों से भरे रहेंगे। प्रेम रिश्तों को बेहतर करेगा और घर में भी सामंजस्य लाएगा। जब भी विकल्प होंगे बेचैन हो सकते है। कोई भी निर्णय लेने से पहले प्राथमिकताओं को देखें। सामाजिक जीवन शानदार रहेगा। ऊर्जा का संतुलन बनाने के लिए ध्यान करें।

तुला (24सितम्बर -23अक्टूबर)- शारीरिक कष्ट और पीड़ा का अनुभव हो सकता है, मानिसक रूप से खुद पर बहुत दबाव डाला है ,यह ब्रेक लेने और दिमाग और मांसपेशियों को आराम देने का समय है। आसपास का लोगों के नकारात्मक प्रभाव से लड़ना चाहिए, खुद पर विश्वास रखना चाहिए। भावनात्मक रूप से ना उलझें और व्यवहारिक निर्णय लें। लक्ष्य पर विश्वास रखें।

वृश्चिक (24अक्टूबर -22नवम्बर)- दयालु और उदार बने रहकर परिजनों के और करीब आएंगे। बच्चे लक्ष्य को हासिल करने की तरफ ध्यान लगाते दिखेंगे। व्यवसाय गति से आगे बढ़ेगा, संघर्ष नहीं करना होगा। अतीत को लेकर ज्यादा संवेदनशील है, कुछ स्थितियों में ज्यादा उत्साहित हो सकते है। भीतर संतुलन हासिल कर सकें। ऊर्जा और धन को बचाएं। बच्चों के साथ समय व्यतीत करेंगे।

धनु (23नवम्बर -22दिसम्बर)- ईगो छोड़कर परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने की सख्त आवश्यकता रहेगी। करिएर कारोबार में प्रगति या विशेष पद की प्राप्ति के लिए थोड़ा इंतज़ार करना होगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता को बनाये रखने के लिए जीवन साथी की भावनाओं की अनदेखी करने से बचें। सेहत के प्रति लापरवाही ना बरतें। ध्यान और योग करें। वाणी पर संयम रखें। धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी।

मकर (23दिसम्बर -20 जनवरी)- खुद पर विश्वास रखने की ज़रुरत है, यदि बाधा आ रही है तो धैर्य और परिपक्वता से उसे दूर करने की कोशिश करें। कार्यछेत्र में कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होगी। बचत करनी चाहिए एवं आर्थिक मामलों में सुधर करते रहना चाहिए। परिजनों के साथ खुशनुमा समय बिताएंगे। रिश्तों के प्रति सजग रहें। उपहार मिल सकते है। मान सम्मान में वृद्धि होगी।

कुम्भ (21जनवरी -19फरवरी)- किसी प्रभावी व्यक्ति से मिला सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। बेहतर काम की लोग तारीफ करेंगे। धन के लें दें में सावधानी बरतें। सतर्क रहने की ज़रुरत है। छोटी सी लापरवाही परेशानी का कारण बन सकती है। जीवन साथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। दूसरों का ध्यान आसानी से अपनी ओर खींचने में कामयाब होंगे। विवाह की बात चल सकती है।

मीन (20फरवरी -20 मार्च)- नकारात्मक विचारों को खत्म करें और अंदर रचनात्मक सोच को लाएं। जीवन को दृष्टिकोण बदलने की ज़रुरत है। मित्रों एवं परिवार के साथ समय व्यतीत करें, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहे। वित्तीय मामलों में सतर्कता बरतें। नौकरी बदलने की सोच रहे है तो इस्तीफा देने से पूर्व अच्छे से सोच विचार कर लें। ■

डीएम के साथ किसानों की हुई बैठक रही बेनतीजा, धरने पर अड़े रहे किसान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। काशी द्वार के विरोध में 28 दिनों से धरने पर बैठे किसानो की डीएम के साथ बुधवार को हुई बैठक आधे घण्टे बाद भी बेनतीजा साबित हुई। किसान एक सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े रहे और किसान ने धरने पर जमे रहे। बुधवार को दोपहर डेढ़ बजे डीएम एस राजलिंगम ने धरने पर बैठे किसानों को एसडीएम कक्ष में वार्ता के लिए बुलाया। आधे घंटे से अधिक समय तक चले बैठक बेनतीजा साबित हुई। डीएम के तमाम तर्क और कानून किसानों के लिए बेअसर साबित हुए। किसान किसी भी कीमत पर बहुफसली खेती की जमीन को देने को तैयार नही हुये। इसे जनपद सीमा यानी जौनपुर में या फिर गजोखर गांव में बनाने का सुझाव दिया। किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष फतेहनारायन सिंह ने कहाकि यह सब्जी उत्पादक क्षेत्र है यहाँ तीन तीन मण्डिया चलती है। छोटे काश्तकार है। डीएम ने किसानों को समझाने का बहुत प्रयास किया लेकिन बिना रद्द करने के आदेश से कुछ भी मानने को तैयार नही हुए। जिसके कारण बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। इस दौरान प्रशासन की तरफ से एसडीएम प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय, नायब तहसीलदार राधेश्याम, विजय श्रीवास्तव, प्राची केसरवानी, श्वेता पटेल बैठक में रही। वही किसानों के तरफ से मोर्चा के अध्यक्ष फतेहनारायन सिंह, नंदा राम शास्त्री, रामजी सिंह, सभाजीत, मेवालाल, श्यामलाल, जवाहिर दुबे, संतोष पटेल, आनंद पटेल समेत अनेक किसान रहे।

नौ दिवसीय राम कथा में निकाली गई झांकी के साथ कलश यात्रा

प्रखर महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज के हरनामपुर के हनुमान चौराहा में छठे वर्ष बुधवार को श्री शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा का आयोजन किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा व श्री राम की झांकी निकाली गई।यह कलश यात्रा हनुमान चौराहा स्थित मंदिर से सुबह दस बजे शुरू हुई। जिसमें गाजे बाजे के साथ भगवान श्री राम व लक्ष्मण को रथ में बैठा कर श्रद्धालुओं ने झांकी सजाई जिसे पूरे क्षेत्र में घुमाया गया। उसके बाद कलश यात्रा को कोल्हुई रोड़ तिराहा, स्टेशन रोड़ चौराहा, कलवारगढ़,मोहनगढ़, कैथवलिया होते हुए रोहिन नदी के बनहा घाट ले जाया गया। जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के बाद महिलाओं ने कलश में जल भरने का कार्य किया। उसके बाद कलश सिर पर रखकर वापस यज्ञ स्थल हरनामपुर स्थित हनुमान चौराहा के मंदिर में ले आया गया। जहां विद्वान विपिन नंदन शुक्ल जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर पूजा अर्चना शुरू किया गया।इस अवसर पर आसपास के गावों के बच्चें व महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और फूलों व रंगों की वर्षा की।इस दौरान राजेश्वर गुप्ता ,शिव प्रसाद,सिद्धेश्वर चौरसिया,शीत लाल गुप्ता,अनिल चौधरी,धर्मेंद्र चौहान, बसन्त लाल गुप्ता,दिलीप यादव,ओमप्रकाश चौधरी, विनोद जायसवाल,अमरनाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

विश्व रंगमंच दिवस पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के नाट्य अनुभाग के कलाकारों ने दी अनुपम प्रस्तुति

प्रखर वाराणसी। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ नाट्य कला अनुभाग और ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने सुंदर नाट्य सेवरी के राम प्रस्तुति किए । जिसमे शबरी के रूप में मधु सिंह, राम के रूप में कुंदन कुमार तथा लक्ष्मण के स्वरूप में अमरजीत सिंह के अनुपम प्रस्तुति पर दर्शको ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। तत्पश्चात अश्वत्थामा के रूप में आयुष सिंह धनुष किया गया। उसके पश्चात छात्र चुनावी माहौल को देखते हुए लोगों में अवेयरनेस जगाने के लिए चुनाव जन जन में कैसे प्रचार होना चाहिए कौन उनका नेता होना चाहिए इस तरह के समसामयिक विषय पर नाट्य मंचन किया इस कार्यक्रम में कुंदन कुमार मधु सिंह रामकृष्ण अविनाश पांडेय, डाक्टर लियाकत अली ,अरविंद गुप्ता, अमरजीत, आयुष सिंह कुंदन मौर्य रंजना सोनकर सूरज विश्वकर्मा , कुंदन मौर्य, आनंद कुमार सुधांशु कुमार प्रजापति, दिव्यांश बाल मुकुंद त्रिपाठी अजीत कुमार, अमन कुमार, आयुषी गौतम, रैना गुप्ता , भानु प्रताप राय सभी अपनी-अपनी एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देकर विश्व रंगमंच दिवस को सार्थक बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार विश्वकर्मा, विभाग प्रभारी डॉक्टर शुभ्रा वर्मा और आकाशवाणी वाराणसी के वरिष्ठ उद्घोषक अरविंद गुप्ता शामिल रहे।

खत्म कुरान की तराबीह मुक्कमल, हुआ महफिल का आयोजन

जौनपुर। शहर के मोहल्ला अहमद खा मंडी में स्थित नूर मस्जिद में आज 15 रोजे के मौके पर एक कलाम पाक को पूरा मुक्कमल हाफिज मोड्ड कैफ खान ने किया,इस मौके पर एक महफिल का भी आयोजन हुआ जिसका संचालन डॉ रजी अहमद ने किया,मौके पर विशेष अतिथि के रूप में आए हुए हाफिज शारिब शैख आजमी ने कहा कि कुरान एक आसमानी किताब है जिसको सुनने से सवाब मिलता है लेकिन इसको समझने की ज्यादा जरूरत है,हम सब को शरीयत का पाबंद होना चाहिए तब ही कुरान का हक अदा होगा, हर बुराई से बचना ही सच्चे मुसलमान की पहचान है। आखिर में मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ की गई । इस मौके पर मुख्य रूप से मिस्टर रियाजुल खान, वसी अहमद, शैफुल इस्लाम, वकील अहमद, नौशाद, सेराज अहमद, महबूब आलम खान, अख्तर अली, बेलाल अहमद, मुमताज अंसारी, अफजाल जिलानी, फइम खान, शयान वाहिद लकी, मुस्ताक अहमद अब्बासी, सरफुद्दीन अंसारी, अनीस अंसारी सहित आबिद, आजम, आतिफ आदि सहित नूर मस्जिद मंडी अहमद खां के तमाम लोग मौजूद रहे।

बृजमनगंज कस्बे में फागुन गीतों के बीच रंग की बौछार कर लोगों ने मनाई होली

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज स्थित नगर पंचायत बृजमनगंज मे मंगलवार होली बडे ही सौहार्दपूर्ण व ढंग से संपन्न हुआ।दिन चढ़ते ही लोग अल्हड़पन के साथ रंग व गुलाल से होली की मस्ती में डूबे रहे। लोगों ने जहां एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दी वहीं लोगों ने एक दूसरे पर रंग डालकर होली मनाई। इस प्रकार नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने कार्यालय पर होली मनाते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।चारों तरफ फगुआ के गीत सुनाई दे रहा था।सबसे ज्यादा पापुलर फगुआ गीत जो बृजमनगंज कस्बे में सुट किया गया था तु त लंहगा मे करेलू धमाल गोरिया...डीजे पर थिरकते हुए झूम रहे थे। पुलिस प्रशासन द्वारा शांति ब्यवस्था बनायें रखने के लिए जगह जगह मुस्तैद रही।कहीं से भी किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला।वार्ड नं 7 के सभासद प्रतिनिधि रवि यादव एवं वार्ड नं 13 के सभासद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल वार्ड नं 9 प्रदुम्न सिंह ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हुए बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया।स्थानीय कस्बे के लोगों ने अपने पत्नी व बच्चों के संग होली खलते हुए सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की।प्रेम व भाइचारे का प्रतीक होली पर्व सकुशल संपन्न हुआ।

भाजपा देश को सर्वोपरि मानती है : राज्यसभा सांसद साधना सिंह

प्रखर वाराणसी। गौर गांव मिजार्मुराद स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्रांगण में बुधवार को पहुंची नवनियुक्त राज्यसभा सांसद साधना सिंह का भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया।वही भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने साधना सिंह को मोमेंटो व पुष्प देकर स्वागत किया। साधना सिंह ने कार्यकताओं से बात करते हुए बोली कि लोगो के उत्साह को देखकर लग रहा है कि 2024 में एक बार फिर पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा। साधना सिंह सभी को धन्यवाद करते हुए बोला कि भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी है, बल्कि उसकी विचारधारा भी बड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को सर्वोपरि मानती है। आज भारत देश की पहचान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में ऊंची हुई है, पूर्व की सरकारों ने सिर्फ देश को लूटने का कार्य किया और अपना विकास किया।भाजपा सरकार में ही महिलाओं को सम्मान मिला पिछले सरकारों में महिलाओं का उत्पीड़न होता था। वही भाजपा कार्यकताओं से बातचीत करते हुए साधना सिंह ने कहां की आप सभी तनमन से लगकर मोदी सरकार द्वारा किये गए विकासकार्यो को जनता तक पहुचाएं और इस बार भाजपा 400 के ऊपर सीट जीतकर लोकसभा पहुंचेगी और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे।इस दौरान स्वागत करने वालो में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के सुरेन्द्र सिंह, विनय सिंह, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, योगेश सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अपर्णा विश्वकर्मा, प्रिया पटेल, स्नेहा, अमृता सिंह, डॉ. अंजना सिंह, मुकेश यादव, गौरव उपाध्याय, अनिता सिंह, रामजी यादव, राजेश सिंह, राकेश, वीरेंद्र, दिनेश समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आलमाइटी में वार्षिक परीक्षा के अंक पत्रों का हुआ वितरण

प्रखर महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज स्थित आलमाइटी प्राइमरी स्कूल एवं आलमाइटी पब्लिक इंटरमीडिएट कालेज के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक अभिभावक सभा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें एल०केजी० से लेकर कक्षा 11 तक के छात्र एवं छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक पत्रों का वितरण किया गया सभा में उपस्थित अभिभावकों ने अपने पाल्य -पाल्या की प्रगति रिपोर्ट देखी एवं अपने सुझाव भी दिए। विद्यालय के प्रबंधक महमूद आलम ने कहा कि अभिभावकों की ओर से बच्चों के बारे की गई शिकायतों पर तत्काल सुधार किया जाएगा।शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे बदलाव के मद्देनजर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बैठक होना बेहद जरूरी है। शिक्षक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को हर पहलू से प्रखर बनाने में निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं।इसी क्रम में पिछले सत्र से ही विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड द्वारा शिक्षण कार्य किया जा रहा है जिससे छात्रों को अति आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी।कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंधक महमूद आलम द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राएं निराश न हों वे नये सत्र में अपनी कमियों को दूर करें।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा कि बच्चों के विकास में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका अहम होती है। दोनों अपनी जिम्मेदारी को समझें। इस अवसर पर ईश्वर चन्द्र चौरसिया, शबी अहमद ,मोहम्मद फारूक सिद्दीकी,दुर्गेश यादव, अशोक कुमार,अंगद प्रसाद, अखिलेश यादव,राकेश सहानी, पी०एस० चौहान, एम० ए० लारी, श्रवण कुमार, मुकेश मिश्र, अभिषेक कुमार, रामपाल यादव, हमीदा बेगम,अम्ब्रीश चौहान, बलराम यादव, एम०ए०सिद्दीकी, सिमरन सिद्दीकी ,सीताराम चौहान, विनय पांडेय,बृजभान यादव, अमित यादव, समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

पुलिस ने संदिग्ध को तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

प्रखर जखनिया गाजीपुर। भुड़कुडा कोतवाली अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय के तिराहा पर मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ घर दबोचा । मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक युवक तमंचा व कारतूस के साथ किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में जा रहा है।इस पर एस आई अरविंद और हमराही सुधांशु ने सक्रियता दिखाते हुए पकड़ा। ।पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर तलाशी ली तो युवक के पास से तमंचा व कारतूस मिला। युवक दुल्लहपुर थाना क्षेत्र का बताया गया है।जिसका नाम अमित कुमार है जो जखनियां बाजार मे ही किराए के मकान में रहता है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्स के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत का जेल भेजा गया ।

सरोज सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर दो अप्रैल को होगी निःशुल्क फिटनेस जांच एवं प्रतियोगिता

प्रखर गाजीपुर। साहित्य सरोज पत्रिका की संस्थापिका स्वर्गीय श्रीमती सरोज सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर गहमर मे वेलफेयर सोसाइटी गहमर द्वारा 2 अप्रैल मंगलवार को गहमर विकास भवन (स्टेशन रोड) में प्रातः11 बजे से निःशुल्क फिटनेस जांच शिविर एवं शाम 4 बजे से क्षेत्रीय बच्चों एवं महिलाओं के प्रतिभा प्रदर्शन हेतु पाक-कला, दुल्हन-मेंहदी एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही इस अवसर पर फैशन शो एवं रैंप वॉक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के प्रबन्धक अखण्ड गहमरी ने बताया कि साहित्य सरोज पत्रिका राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी साहित्य ,महिलाओं एवं बच्चों के विकास हेतु कार्य करती है। इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभा को मुखरित करने हेतु यह आयोजन गहमर में कर रही है। जिसमें किसी उम्र के महिला-पुरुष व बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मार्च निश्चित की गई है। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

वरुण गांधी नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, अटकलों पर लगा विराम!

निर्दलीय या फिर सपा के टिकट पर लड़ने की चल रही थी अटकलें, अपनी मां के लिए चुनाव प्रचार करेंगे

प्रखर लखनऊ। पीलीभीत लोकसभा सीट से सांसद और भाजपा नेता वरुण गांधी को इस बार टिकट नहीं मिला था। इसके बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। यह भी कहा जा रहा था कि वह सपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन अब इसे लेकर स्थिति साफ हो गई है। वरुण ने इस बार चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। रिपोर्ट के अनुसार वह अपनी मां मेनका गांधी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे लेकिन खुद चुनाव नहीं लड़ेंगे।भाजपा ने पीलीभीत का टिकट कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को दिया है। बता दें कि यह सीट लंबे समय से गांधी परिवार से जुड़ी रही है। साल 1989 में मेनका गांधी ने पहली बार जनता दल के टिकट पर यहां जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1991 में भाजपा के परशुराम गंगवार यहां सांसद बने. लेकिन 1996 में फिर मेनका ने जनता दल से ही जीत हासिल की थी। 1998 और 1999 में वह निर्दलीय चुनाव लड़कर जीती थीं। इसके बाद वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। साल 2009 के चुनाव में मेनका ने वरुण के लिए यह सीट छोड़ दी थी।

घर में घुसी अनियंत्रित कार मकान क्षतिग्रस्त दो घायल

दुल्लहपुर (गाजीपुर)। क्षेत्र के देवा (चौबेपुरा) गांव के पास सोमवार को ननिहाल से लौट रहे युवक ने अनियंत्रित कार को घर में घुसा दिया। घटना में मकान क्षतिग्रस्त हो हो गया तथा वहां बैठे दो बच्चे भी घायल हो गए । तेज आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कार चालक रजत कुमार मरदह थाना के लहुरापुर का निवासी बताया गया। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार तथा चालक को हिरासतमें लेकर थाने पहुंच गई । मालूम हो कि देवा चौबेपुरा निवासी पप्पू राज राजभर का सड़क के किनारे ही मकान है। सोमवार को घर के सदस्य मकान के पास ही बैठे थे कि अमारी दुल्लहपुर बाजार के रास्ते गुजर रही अनियंत्रित कर पप्पू राजभर के मकान में घुस गई वाहन के धक्के से मकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मंगलवार सुबह पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया जहां मकान के मरम्मत पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया एस ओ राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने क्षतिग्रस्त मकान के निर्माण पर आपसी समझौते का पक्ष रखा गया। जिसे चालक पक्ष द्वारा मान लिया गया।

पुराने विवाद में दांत से काटकर अलग किया अंगूठा

दुल्लहपुर (गाजीपुर)। क्षेत्र के केसरुआ गांव में सोमवार को होली के दौरान आपसी विवाद में पुराने रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में एक युवक का अंगूठा अलग हो गया। मालूम हो कि केसरुआ गांव में होली के दिन गांव के युवक एक दूसरे के घर पहुंच कर होली खेल रहे थे इस दौरान दो पक्षों के बीच एक दूसरे का कपड़ा फाड़ने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों को हटा दिया गया। शामको फिर दोनों पक्ष एक दूसरे के आमने-सामने हो गए। जिसमें पुराने रंजिश को लेकर शुभम मिश्रा का अंगूठा काट दिया गया। पहले तो गोली चलने की घटना की अफवाह फैलने पर पुलिस को सूचना दी गई।तो गांव में भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचकर मामले की छानबीन की बाद में पता चला की गोली चलने के बाद झूठी है। पीड़ित शुभम मिश्रा ने तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही सतीश पांडेय ने चाकू से उसका अंगूठा काट लिया ।लेकिन पुलिस की पूछताछ में घर की महिलाओं ने बताया की चाकू से नहीं बल्कि दांत से अंगूठा कटा है। पुलिस ने शुभम मिश्रा की तहरीर पर मामला पंजीकृत करते हुए घायल शुभम मिश्रा तथा उनके पिता को को मेडिकल परीक्षण के लिए गाजीपुर गाजीपुर भेज दिया गया। एसओ राजेश बहादुर सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी की खोज की जा रही है। जो अभी पकड़ से दूर है। गोली चलने तथा चाकु से हमले की बात झूठी है।

आपसी विवाद में मारपीट

प्रखर जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत मुड़ियारी गांव में होली के दिन बकरी चराने को लेकर बच्चों के आपसी विवाद में मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस देखकर दोनों पक्ष के लोग खिसक लिए, गांव का छेदी अपनी बकरी लेकर चराने जा रहा था कि गांव के ही दो नाबालिक युवकों के साथ आपस में कहा सुनी के दौरान गाली गलौज में छेदी की मोबाईल को भी फोड दिए । मामला बढता देख गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी । छेदी की तहरीर पर दोनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया ।

परंपरागत तरीके से मनाई गई होली

प्रखर जखनिया गाजीपुर। होली का त्योहार पूरे क्षेत्र में परंपरागत तरीके से लोगों ने रंग अबीर गुलाल के साथ पूरे दिन तथा देर रात तक मनाया ।फागुनी गीत के रंग में लोग शराबोर रहे ।दोपहर बाद देर शाम तक लोग आपस में अबीर गुलाल लगाकर गले मिले ,भुडकुडा कोतवाली परिसर में पुलिस के जवानों ने सोमवार को होली त्यौहार रंग गुलाल व कपड़ा फाड़ होली मनाई गई ।क्षेत्र के बारोडीह गांव के बागेश्वर नाथ शिवालय से भगवान शिव की झांकी निकालकर फागुन गीत के साथ लोग पूरे क्षेत्र में भ्रमण किये ,क्षेत्र के बुढानपुर , रामपुर बलभद्र , पदुमपुर सदर जहां पुर में भी लोग लोकगीत गवनई पर नाचते रहे ।पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस के साथ रिजर्व पुलिस लाइन गाजीपुर से भी दर्जनों पुलिस के जवान क्षेत्र का भ्रमण किया ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं